Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 55 | मंगलवार, 25 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

### 'चाय को एक चाय बेचने वाले से बेहतर कौन जानता है'

# असम में बोले पीएम- 'पूर्वोत्तर ने मुझे अपना ब्रांड एम्बेस्डर चुना'

**गुवाहाटी।**

असम के चाय बागान के आदिवासी समुदाय के विशाल सामूहिक 'झुमोर बिनंदिनी' लोकनृत्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पीएम मोदी ने चाय के जरिये असम से अपने गहरे रिश्ते को बयान करते हुए कहा कि चाय की खुशबू और रंग को एक चाय बेचने वाले से बेहतर कौन जानता है? उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर ने मुझे अपने सर्वश्रेष्ठ ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में चुन लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को गुवाहाटी में सरुसजाई स्टेडियम में असम सरकार की ओर से 'झुमोर बिनंदिनी' कार्यक्रम में भाग लिया, जो यहां के चाय उद्योग के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। सीएम ने किया पीएम मोदी का स्वागत पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और प्रतिभागियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि इस जबरदस्त तैयारी में चाय के बागानों की खुशबू और खूबसूरती है और जैसे आपका चाय बागान संस्कृति से एक विशेष रिश्ता है, वैसे ही मेरा भी चाय बागानों से एक विशेष रिश्ता है। जब आप सभी कलाकार इतनी बड़ी संख्या में झुमोर नृत्य प्रस्तुत करेंगे तो यह अपने आप में एक रिकार्ड बन रहा है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने असम का परंपरागत वाद्ययंत्र ढूमसा भी बजाया, जिसे आमतौर पर चाय बागान में काम करने वाले आदिवासी किसान बजाते हैं। राज्य की चाय जनजातियों के पारंपरिक लोकनृत्य झुमोर के अभूतपूर्व प्रदर्शन में असम के 27 जिलों के करीब नौ हजार नर्तक और संगीतकारों ने भाग लिया। इस आयोजन से विश्व रिकार्ड स्थापित करने और वैश्विक मंच पर असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने की उम्मीद है। पीएम ने का कि असम के लोग अपनी भाषा के इस सम्मान का इंतजार दशकों से कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये भव्य आयोजन असम के गौरव से जुड़े हैं और भारत की समृद्ध विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। विभिन्न देशों के 60 से अधिक राजदूत असम का अनुभव लेने के लिए यहां आए हैं। असम के चराइदेव मोइदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। इस मान्यता को प्राप्त करने में भाजपा सरकार के प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### चाय उद्योग की 200वीं वर्षगांठ

असम के चाय उद्योग की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर होने वाले इस कार्यक्रम में दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा झुमोर नृत्य का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं असम के काजीरंगा में रुकने वाला, दुनिया को उसकी जैव विविधता के बारे में बताने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं। हमने कुछ ही महीने पहले असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा भी दिया है।

## महाकुंभ में खुले में शौच की शिकायत



**नई दिल्ली।**

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान कथित तौर पर शौचालयों या स्वच्छ बायो-टायलेट्स की कमी के कारण 'खुले में शौच' को लेकर याचिका दायर करने वाले शिकायतकर्ता से राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने अपने आरोपों के सत्यापन के लिए सबूत मांगे हैं।

प्राधिकरण ने सोमवार को याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वे उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सहायक सामग्री प्रदान करें। न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल की पीठ 14 फरवरी को दायर याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि लाखों आम लोगों और परिवारों को पर्याप्त सुविधाओं के लिए गंगा नदी के किनारे पर खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और ऐसा शौचालयों या स्वच्छ बायो-टायलेट्स की कमी के कारण हो रहा है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने दावों की पुष्टि करने के लिए पेन ड्राइव में केवल दो वीडियो क्लिप संलग्न किए थे, लेकिन वीडियो में भू-निदेशांक नहीं थे अर्थात उस विशेष जगह का उल्लेख नहीं था जिस जगह के बारे में आरोप लगाए गए थे कि वहां स्वच्छ बायो-टायलेट्स की कमी है। पीठ ने कहा कि यह वीडियो क्लिप उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नहीं दिए गए हैं। न्यायाधिकरण ने कहा कि चूंकि याचिका ऐसे समय में दायर की गई है जब महाकुंभ अभी चल ही रहा है, ऐसे में इसकी टाइमिंग को देखते हुए यह मुद्दा संवेदनशील हो गया है। इसलिए, किसी सक्षम प्राधिकारी को जमीनी स्तर पर सही तथ्यात्मक स्थिति का पता लगाना चाहिए और शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच करनी चाहिए।

## दिल्ली पुलिस ने 31 करोड़ रुपये के घोटाले में प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।**

जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिए जाने के बावजूद बैंसला ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया, जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया।

उसे 20 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 31 करोड़ रुपये के दक्षिण दिल्ली संपत्ति सौदा घोटाला के में कथित धोखाधड़ी के लिए एक प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस



आयुक्त (ईओडब्ल्यू) ए. गुगुलोथ ने एक बयान में कहा कि आरोपी रविंदर बैंसला ने अपनी कंपनी बैंसला हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कथित तौर पर खुद को संपत्ति के मालिक अशोक कुमार के प्रतिनिधि के रूप में गलत तरीके से पेश किया।

## यूएन में यूक्रेन से रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी का प्रस्ताव स्वीकार, भारत ने बनाई दूरी

**लंदन।**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को यूक्रेन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें तीन साल पहले हुए रूस के आक्रमण के बाद से सभी रूसी सैनिकों की तत्काल यूक्रेन से वापसी की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव के पक्ष में 93 देशों ने मतदान किया, जबकि 18 देशों ने इसका विरोध किया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को यूक्रेन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें तीन साल पहले हुए रूस के आक्रमण के



बाद से सभी रूसी सैनिकों की तत्काल यूक्रेन से वापसी की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव के पक्ष में 93 देशों ने मतदान किया, जबकि 18 देशों ने इसका विरोध किया। बता दें कि इस बैठक में भारत सहित 65 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। हालांकि, यह प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, लेकिन इसे वैश्विक समुदाय का रुख और जनमत का एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है। यह प्रस्ताव रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ पर पेश किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस अवसर पर कहा कि यूक्रेन में जारी युद्ध न केवल यूरोप की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह संयुक्त राष्ट्र की नींव और सिद्धांतों के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

## न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट डायवर्ट

### रोम से भारतीयों की वापसी के लिए टिकट रीबुक करा रही एयरलाइंस



**नई दिल्ली।**

पुलिस ने बताया कि फ्लाइट की उड़ान के दौरान बम की धमकी मिली थी, जिसके कारण विमान को इटली के रोम में उतारने का निर्णय लिया गया। 24 फरवरी को अमेरिकन एयरलाइंस ने इस घटना के संबंध में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सोमवार को अमेरिकन एयरलाइंस की न्यूयॉर्क से दिल्ली जा रही फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद एक एफआईआर दर्ज की है। यह घटना 23 फरवरी को हुई, जब फ्लाइट एए-292 को इटली के रोम में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने एक बयान में बताया कि सुरक्षा खतरे के कारण यह फ्लाइट रोम में डायवर्ट की गई थी। जारी बयान में कहा गया है कि फ्लाइट की उड़ान के दौरान बम की धमकी मिली थी, जिसके कारण विमान को इटली के रोम में उतारने का निर्णय लिया गया।

#### एयरपोर्ट प्रवक्ता ने दी जानकारी

इसके साथ ही एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि बम की धमकी के कारण न्यूयॉर्क से दिल्ली जा रही इस फ्लाइट के यात्रियों को रोम हवाईअड्डे पर उतारा गया था। बाद में उन्हें रोम से जाने वाली वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया गया। इस दौरान प्राथमिकता उन 66 यात्रियों को दी गई, जो भारतीय नागरिक थे और जिनके पास इटली में प्रवेश का वीजा नहीं था। उन्हें रात भर हवाईअड्डे के लाउंज में ठहराया गया और अमेरिकी एयरलाइन और एरोपोर्टी डि रोमा के कर्मचारियों ने उनकी सहायता की।

## महाशिवरात्रि से पहले फिर महाज्वार, श्रद्धालु 63 करोड़ के पार

**महाकुंभ नगर।**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पर्यावरण कंसल्टेंट शहीक शिराज के अनुसार महाकुंभ ग्रीन जोन में है। उन्होंने बताया कि 100 के भीतर एयर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा माना जाता है। सिर्फ मौनी अमावस्या के दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स 106 रहा। अन्य दिनों में यह 100 से काफी नीचे रहा।

महाकुंभ में 63 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं। इतनी भीड़ आने के बाद भी शहर की हवा गुणवत्ता के अनुरूप रही। मेला प्रशासन का दावा है कि इस दौरान प्रयागराज की हवा चंडीगढ़ से अच्छी रही। इतनी संख्या में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ और हजारों वाहनों की आवाजाही के बावजूद वायु गुणवत्ता खराब नहीं हुई है। लगातार 42 दिन से शहर वायु की गुणवत्ता को लेकर ग्रीन जोन में बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पर्यावरण कंसल्टेंट शहीक शिराज के अनुसार महाकुंभ ग्रीन जोन में है। उन्होंने बताया कि 100 के भीतर एयर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा माना जाता है। सिर्फ मौनी अमावस्या के दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स 106 रहा। अन्य



दिनों में यह 100 से काफी नीचे रहा। इस तरह से सिर्फ मौनी अमावस्या के दिन ही वायु की गुणवत्ता कुछ खराब थी। उन्होंने बताया, 13 जनवरी पौष पूर्णिमा को महाकुंभ का एयर क्वालिटी इंडेक्स 67 था। 14 जनवरी मकर संक्रांति को 67, 29 जनवरी मौनी अमावस्या को 106, 03 फरवरी बसंत पंचमी को 65 और 12 फरवरी माघी पूर्णिमा को 52 रहा है। महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर सोमवार को संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए भक्ति की लहरें फिर उफनाने लगी हैं। चाहे लाल मार्ग हो या काली मार्ग या फिर त्रिवेणी मार्ग, हर तरफ से आस्था का जन सैलाब संगम में मिलने के लिए उमड़ता रहा। मेला प्रशासन ने रात आठ बजे तक 1.30 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया। सोमवार की देर शाम तक रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों से संगम जाने वाले रास्तों पर लंबी कतारें लगी रहीं। निजी वाहनों का रेला उमड़ने से आउटर की पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने की जगह तक नहीं बची। मेला प्रशासन ने मंगलवार की शाम तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान लगाया है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भीड़ के मद्देनजर मेला प्रशासन ने चुस्त-दुरुस्त इंतजाम किए हैं। पार्किंग के अलावा खाली स्थानों और पटरियों पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा जमा लिया है। देर शाम तक मेला प्रशासन की ओर से तैयारियां परखी जाती रहीं।

## रूस के हमलों के बीच नरम हुए जेलेंस्की का तेवर बोले- शांति के लिए अपना पद छोड़ने को भी मैं तैयार

**नई दिल्ली।**

जेलेंस्की ने एक पत्रकार के इस सवाल पर कि क्या वह शांति के लिए अपना पद छोड़ देंगे, कहा, अगर शांति हासिल करने के लिए आपको वाकई मेरे पद छोड़ने की जरूरत है तो मैं तैयार हूं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि देश को नाटो सदस्यता दिलाने के बदले वह तुरंत पद छोड़ने को तैयार हैं। कीव में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की के हवाले से कहा, ₹अगर यूक्रेन में शांति है, अगर आप वास्तव



में चाहते हैं कि मैं अपना पद छोड़ दूं, तो मैं तैयार हूं। ... मैं इसे नाटो के लिए बदल सकता हूं। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वह ₹तुरंत₹ प्रस्थान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, ₹अगर यह शर्त है तो मैं इसे तुरंत नाटो (सदस्यता) के लिए बदल सकता हूं। जेलेंस्की ने एक पत्रकार के इस सवाल पर कि क्या वह शांति के लिए अपना पद छोड़ देंगे, कहा, अगर शांति हासिल करने के लिए आपको वाकई मेरे पद छोड़ने की जरूरत है तो मैं तैयार हूं। उन्होंने कहा, मैं इसे नाटो के लिए छोड़ सकता हूं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यूक्रेन के साझेदार के रूप में और कीव और मॉस्को के बीच एक मध्यस्थ के रूप में देखना चाहते हैं। रॉयटर्स ने उनके हवाले से कहा, ₹मैं वास्तव में चाहता हूं कि यह सिर्फ मध्यस्थता से कहीं अधिक हो... यह पर्याप्त नहीं है।

### जस्टिस ओका ने मौखिक रूप से फरासत से कहा कि उक्त अधिनियम के तहत सबसे पहले तंत्र स्थापित करना होगा।

# भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों को लेकर सख्ती जताई है। कोर्ट ने ऐसे विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए सरकार को तंत्र बनाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि एक ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जिसके जरिये भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों के खिलाफ आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सके। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों को लेकर सख्ती जताई है। कोर्ट ने ऐसे विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए सरकार को तंत्र बनाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि एक ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जिसके जरिये भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों के खिलाफ आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सके। शीर्ष अदालत ने औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम के महत्व पर भी बल दिया और कहा कि इसका कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई की और वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत (न्याय मित्र) से अगली तारीख तक अधिनियम के कार्यान्वयन पर एक नोट पेश करने को कहा। यह अधिनियम भारत में दवाओं के विज्ञापन को नियंत्रित करता है। यह उन दवाओ और उपचारों के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है जो जादुई गुणों का दावा करते हैं और ऐसा करना एक संज्ञेय अपराध बनाता है। जस्टिस ओका ने मौखिक रूप से फरासत से कहा कि उक्त अधिनियम के तहत सबसे पहले तंत्र स्थापित करना होगा। यह सबसे महत्वपूर्ण अधिनियमों में से एक है। अपना नोट रिकॉर्ड पर रखें। हम विशेष रूप से व्यापक निर्देश पारित करेंगे।



## संपादक की कलम से

### आजादी का दुरुपयोग

पिछले दिनों एक विवादास्पद मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एडवाइजरी जारी की है। निस्संदेह यह वक्त की जरूरत है। दरअसल, हाल ही में एक यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद पर देशव्यापी प्रतिक्रिया हुई थी। केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे–बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है। हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर पारिवारिक जीवन मूल्यों का अतिक्रमण करने वाली टिप्पणियों पर रोक जरूरी है। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता तो बहुत संभव है कि सरकारी निगरानी बढ़ जाए। दरअसल, सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इस बाबत बनी संसदीय समिति से कहा है कि समाज में इस बात को लेकर रोष है कि अभिव्यक्ति की आजादी के संवैधानिक अधिकार का अतिक्रमण करके हिंसक व अश्लील सामग्री का प्रसारण किया जा रहा है। वहीं संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति का कहना है कि इसके नियमन के लिये कुछ कानून तो हैं लेकिन वर्जित सामग्री के नियमन के लिये नया प्रभावी कानून होना चाहिए। ऐसी राय देश के जनप्रतिनिधियों, अदालतों तथा कुछ वैधानिक संस्थाओं ने व्यक्त की है। देश की शीर्ष अदालत का मानना रहा है कि यूट्यूब जैसे मंचों पर सामग्री साझा करने पर नियंत्रण हेतु कानून निष्प्रभावी नजर आते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# सनातन, आस्था व विकास को समर्पित योगी सरकार का बजट



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सनातन को समर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों वाला व्यापक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा जीवन के हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सर्वसमावेशी होने के कारण छात्र, किसान, व्यापारी, महिलाएं, विषय विशेषज्ञ और उद्योगपति सभी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। बजट में धर्मस्थलों के विकास व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन दिया गया है। प्रदेश सरकार के बजट में हर उस क्षेत्र तक पहुंच बनाने का प्रयास किया गया है जो आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बजट में अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण का प्रारम्भ महाकुंभ के आयोजन से किया और फिर धर्मस्थलों के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर व मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर की स्थापना के बाद सरकार मथुरा में श्री बांकेबिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण करायेगी। इसके लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ और निर्माण के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र की स्थपना के लिए 100 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहले ही 25 करोड़ बजट के साथ पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र में वैदिक पर्यावरण, वैदिक गणित, वैदिक विधिशास्त्र, वैदिक योग विज्ञान, वैदिक वन औषधियां वनस्पति आदि पाठ्यक्रम होंगे। यहां पर बड़े वैदिक पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाएगा, साथ ही वेदशाला, वैदिक संग्रहालय, तारा मंडल, संगोष्ठी कक्ष बनाये जाएंगे। केंद्र में गुरुकुल व आधुनिक पद्धति के अंतर्गत कक्षाएं बनायी जायेंगी।

मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिजार्पुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है। गुरुस्वामी हरिदास की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह के लिए एक करोड़ और अयोध्या में जिला स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय के लिए भी एक करोड़ की धनराशि रखी गई है। योगी सरकार ने वर्तमान बजट से धार्मिक पर्यटन के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ प्रदीप्त की है।

> विशेषज्ञों का मानना है कि यह युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है। बजट में एमएसएमई, नई तकनीक, एआई व साइबर सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। नए एक्सप्रेस– वे बनने से दूर की यात्रा आसान होगी।

बजट में महापुरुषों पर भी ध्यान दिया गया है जिसके अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर लखनऊ में स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही हर जिले में 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर सरदार पटेल जनपदीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया जायेगा। संत कबीर के नाम पर 10 वस्त्रोद्योग पार्क तथा संत रविदास के नाम पर दो चर्मोद्योग स्थापित किये जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में उनके सम्मान में नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। लखनऊ स्थित अटारी कृषि प्रक्षेत्र पर 251 करोड़ रु. की लागत से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क की स्थापना होगी। प्रत्येक कृषि मंडी में माता शबरी के नाम पर कैंटीन और विश्रामालाय स्थापित किये जायेंगे। बजट में युवाओं और छात्राओं को आकर्षित करने के लिए भी प्रावधान किये गये हैं। अब प्रदेश की हर मेधावी छात्रा को स्कूटी दी जायेगी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रु. रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना का ऐलान किया गया है। यही नही माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास भी बनेंगे।

प्रदेश के बजट में युवा उद्यमी अभियान के लिए भी 1000 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। संपूर्ण उत्तर प्रदेश के व्यापक विकास का विस्तृत खाका बजट में रखा गया है। बजट के अनुसार अवध में केवल अयोध्या का ही विकास नहीं हो रहा अपितु अवध के हर जिले के विकास की अद्भुत पटकथा लिखी जायेगी। बजट के प्रावधान इस प्रकार से बनाये गये हैं कि एक प्रकार से यह आगामी 25 वर्षों के विकास का रोडमैप प्रस्तुत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण से तीन तीर्थस्थलों काशी, प्रयागराज व हरिद्वार की यात्रा सरल हो जायेगी। चार नए एक्सप्रेस वे के लिए बजट में 1,050 करोड़ रु. की व्यवस्था कर दी गई है। गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के विकास की गति दोगुनी हो जायेगी व धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है। बजट में एमएसएमई, नई तकनीक, एआई व साइबर सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। नए एक्सप्रेस- वे बनने से दूर की यात्रा आसान होगी। नए एक्सप्रेस वे बनने से व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एआई सिटी बनाने की घोषणा से स्टार्टअप और आईटी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।प्रदेश का बजट इंफ्रास्टक्चर को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को रोजगारपरक बनाने वाला बजट है। यह बजट राज्य की तकनीकी प्रगति औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। प्रदेश के बजट में सड़क राजमार्ग के चौड़ीकरण पर भी पर्याप्त फोकस किया गया है। इसका सर्वाधिक लाभ राजधानी लखनऊ व उसके आसपास के जिलों व कस्बों आदि को मिलेगा। मोहनलालगंज -गोसाईगंज होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे निकल रहा है इसका चौड़ीकरण किया जायेगा। इसी तरह बनी से ही एक रोड हरौनी होते हुए मोहन को निकली है इसे भी दो लेन का किया जायेगा।

यह बजट समग्र विकास वाला बजट है। इसमें किसानों, उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक प्रावधान किये गये हैं। बजट में कोरोना काल में अनाथ 1430 बच्चों को आर्थिक सहायता प्रादन करने के लिए 250 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। बजट में सात सरोकारों पर्यावरण संरक्षण ,नारी सशक्तीकरण, जल सरंक्षण, सुशिक्षित समाज, जनसंख्या नियोजन, स्वस्थ समाज, गरीबी उन्मूलन पर भी ध्यान दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बजट का 23 प्रतिशत हिस्सा पर्यावरण अनुकूलन पहली पर खर्च किया जायेगा।

सरकार वनीकरण, कार्बन अवशोषण और पयार्वरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सरंक्षण को और अधिक बढ़ावा देने जा रही है। इसी प्रकार सुशिक्षित समाज के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र पर कुल बजट का 13 प्रतिशत हिस्सा खर्च किया जायेगा। इसी प्रकार स्वस्थ समाज के लिए कुल बजट का छह प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च होगा। प्रदेश में जलसंरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 4500 करोड़ रु. की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्धन के लिए 90 करोड़ रु. की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसमें तालाबों का जीर्णोद्धार तथा निमार्णा भी शामिल है। जनसंख्या नियोजन के अंतर्गत युवाओं को नवाचार से जोड़ने के लिए इनोवेशन फंड स्थापित किया जा रहा है। गरीबी उन्मूलन के लिए भी 250 करोड़ रु. की व्यवस्था प्रस्तावित है। बजट में सभी मंडल मुख्यालयों पर विकास प्राधिकरणों, नगर निकायों द्वारा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जायेगा। ग्राम पंचायतों में वैवाहिक उत्सव एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए उत्सव भवन निर्माण की कार्ययोजना पर भी कार्य किया जायेगा।

यह बजट सभी वर्गों के लिए है अर्थात समग्रता पर आधारित है जिससे इसकी छाप वैश्विक होने जा रही है। प्रदेश की सुदृढ़ होती कानून-व्यवस्था से देश विदेश के निवेशक भी अब आकर्षित हो रहे हैं तथा प्रदेश में भारी निवेश भी हो रहा है। प्रदेश सरकार ने वर्तमान बजट से 2050 तक का लक्ष्य साधने का प्रयास किया है यही कारण है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है जिसका सीधा अर्थ यह हे कि विकास का लक्ष्य और पैमाना बहुत बड़ा है। यह तुष्टिकरण वाला बजट नहीं अपितु सभी के संतुष्टिकरण वाला बजट है। – **मृत्युंजय दीक्षित**



**उदय किशोर साह**

## माता पिता हमारे भगवान

कविता

माता पिता हैं हमारे भगवान
इनको कर मानव सम्मान
इनकी कर्म से उपजा मेरा मान
इनको अपमानित ना कर नादान

देवों में देव हैं ये माँ बाप
मिहनत से पाला पोषा है आप
तेरे चरण में पूजा व जाप
साक्षात भगवान हैं मेरे आप

खुद कष्ट भोगकर हमें हो पाला
मेरे खुशी के लिये खुद पे ताला
खून पसीना मेरे लिये हो बहाया
तेरे आँचल में सुख ही हम पाया

जो मात पिता का करे अनादर
उनके औलाद भी ना करेंगे आदर
गाँठ बाँध लो ओ मनु के बिरादर
तेरै कुकर्म का ना जग में है आदर

माता पिता हैं हमारे साक्षात देवा
जीवन भर करना है उनकी सेवा
गर पाना है जीवन में तुम्हें मेवा
कर इन्सान माता पिता की सेवा

माता पिता को करो प्रणाम
इनके चरणों में है सब तीरथ धाम
स्वर्ग नरक का ले लो प्रमाण
माता पिता का करो सब सम्मान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?



ललित गर्ग
वेलकम इंडिया

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?

प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन



विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं।

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी एवं भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र एवं सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिन्दू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते है, जो धर्म एवं संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार है। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं।

महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कर-करेत्तर एवं वसूली की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए करझकरेत्तर, राजस्व कार्यों के निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के उद्देश्य से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने तथा समस्त उप जिलाधिकारियों को वसूली के संबंध में नियमित रूप से बैठक करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा की सभी एसडीएम अपने अपने तहसील क्षेत्र मे बड़े बकायदारों को आरसी जारी करते हुए राजस्व जमा कराना सुनिश्चित करेंगे उन्होने सख्त निर्देश दिया कि सभी एसडीएम अपने स्तर पर बैठक करके तहसील में लंबित पड़ी आरसी का जल्द से जल्द निस्तारण करते हुए राजस्व में बढ़ोतरी करें तथा साथ ही पिछले तीन सालों का आरसी डाटा भी प्राप्त कराए।वसूली समीक्षा पर लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए लक्ष्य के अनुरूप हो वसूली।

समस्त उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के लिय आरसी को तहसील स्तर पर लम्बित ना रखे साथ ही अगली बैठक से पूर्व वसूली पर बेहतर परिणाम नजर आना चाहिये। जिलाधिकारी ने विभाग से प्राप्त लक्ष्यों को हर हालत मे निर्धारित अवधि मे पूर्ण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कहा की राजस्व वसूली तथा अन्य संदर्भ को सीएम पोर्टल से जोड़ दिया गया है जिससे जनपद की रैंकिंग निर्धारित होती है अतः राजस्व वसूली में तेजी लाएं। उन्होने राजस्व वाद जैसे धारा 67, धारा 116, धारा 80, धारा 24 आदि के निस्तारण मे तेजी लाने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने मुख्य देय, विविध देयों की वसूली, करझकरेत्तर तथा राजस्व कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग में सुधार की आवश्यकता है तथा सीएम डैशबोर्ड पर जो भी शिकायत पेंडिंग है उसका जल्द से जल्द निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर हो सके। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से जनपद की खराब रैंक को लेकर कड़े निर्देश दिए गए की आगामी बैठक से पूर्व सभी विभागों की रैंक में सुधार होना चाहिए।

## दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को सात- वर्ष का कारावास व ग्यारह हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

**बुलंदशहर।** न्यायाधीश वरूण मोहित निगम ( न्यायालय ए.डी.जे/एफटीसी 02 जनपद बुलन्दशहर ) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त हरेन्द्र व मोहित को सात-सात वर्ष का कारावास व ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अवगत कराना है कि अभियुक्त हरेन्द्र और मोहित पुत्रगण अजब सिंह निवासीगण ग्राम अस्तौली थाना दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा वर्ष-2018 में थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र निवासी एक लड़की को शादी का झांसा देकर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी। जिसके संबंध में दिनांक 10 मई 2018 को थाना सिकन्द्राबाद में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

# क्षय रोग विभाग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संयुक्त तत्वाधान में लगाया जागरूकता शिविर



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी जी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राजेश सिंह के नेतृत्व में हापुड़ मेरठ रोड स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम औषधालय परिसर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जागरूकता शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह द्वारा बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को यदि दो सप्ताह से खांसी है खांसी में बलगम आता है बलगम में खून आता है छाती में दर्द रहता है हल्का बुखार रहता है वजन कम हो रहा है भूख कम लगती है रात में सोते समय पसीना आता है या शरीर के किसी हिस्से में कोई गांठ आदि बन रही है तो यह लक्षण क्षय रोग (टी0बी0 )की बीमारी के हो सकता है उसे व्यक्ति को टीवी का इंफेक्शन हो इसलिए ऐसे किसी भी व्यक्ति को अपने निकटतम सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी जांच करानी चाहिए एवं यदि बीमारी आती है तो अपना उपचार लेना चाहिए कभी भी मरीज को उपचार को बीच में नहीं छोड़ना चाहिए अन्यथा की दशा में बीमारी गंभीर रूप धारण कर लेती है जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि भारत सरकार टी0 बी0 के मरीजों को उनके अच्छे खान-पान के लिए ?1000 प्रति माह निश्चय पोषण योजना के अंतर्गत मरीज के बैंक खाते में देती है एवं जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं व औद्योगिक संस्थानों के द्वारा सभी क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया जाता है ताकि मरीज अच्छी हेल्दी डाइट ले सके एवं जल्द स्वस्थ हो सके इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 नागेंद्र सिंह एवं केंद्रीय कर्मचारी बीमा निगम के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह व फार्मासिस्ट अगम सक्सेना आदि उपस्थित रहे

# महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारीज संस्था का दिव्य शिव संदेश

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का यादगार महाशिवरात्रि पर्व ब्रहमाकुमारी संस्था द्वारा धूमधाम से मनाया गया । एक माह से भी अधिक चलने वाले इस आयोजन मे रिफाइनरी नगर, लक्ष्मीनगर , अकबरपुर और बलदेव छेत्र मे जनसम्पर्क और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस को बुराईओ और व्यसनों से दूर रहने तथा ईश्वरीय ज्ञान द्वारा अपने जीवन को दिव्य बनाने हेतु प्रेरित किया गया ।सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी के कृष्णा दीदी ने बताया कि यह संस्था विगत 89 वर्षो से विश्व के 147 देशो मे आध्यात्मिक ज्ञान की निशुल्क शिक्षा दे रही है ।शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए उन्होने कहा कि इस कलयुगीरात्रि का तम हरने और सतयुगी सृष्टि का सृजन करने हेतु ,सभी आत्माओ के पिता परमपिता शिव विगत 89 वर्षो से ब्रह्मा तन का आधार लेकर राजयोग का ज्ञान दे रहे है ।

उन्होंने बताया कि शिवलिंग की तीन रेखाएं दशार्ती है कि शिव ही तीन देवताओ द्वारा तीन दिव्य कर्तव्य कराते है, ब्रह्मा द्वारा स्थापना, विष्णु द्वारा पालना और शंकर द्वारा विनाश. शिवलिंग पर भक्तगण बड़ी ही श्रद्धा से अक के फूल और धतूरा अर्पित करते है,जो हमारे अंतर्मन के विकारों का प्रतीक है,अर्थात संसार के समस्त मानव मात्र के विकारों को समाहित कर उनको दिव्य बनाने का भगीरथ कार्य केवल एक देवो के देव महादेव ही कर सकते है।

बलदेव छेत्र के वर्तमान विधायक श्री पूरन प्रकाश जी ने संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू शिविर की मधुर स्मृतियों को साझा किया । बलदेव चेयरमैन डॉ मुरारी लाल अग्रवाल जी ने संस्था द्वारा किए जा रहे समाज उत्थान के प्रयासो की मुक्त कंठ से भूरि भूरि सराहना की । इन आयोजनो मे मथुरा रिफाइनरी के वरिष्ट अधिकारी गण ,वृंदा क्लब के पदाधिकारी, चिकित्सा और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और संस्था के सुदूर ग्रामीण अंचलो से हजारो की संख्या मे भाई बहनो ने सहभागिता की।

बलदेव विधायक श्री पूरन प्रकाश, बलदेव चेयरमैन डॉ मुरारी लाल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन श्री कमल पांडे, मथुरा डिप्टी जेलर करुणेश कुमारी, डॉ करुणा, डॉ रश्मि अग्रवाल, मथुरा रिफाइनरी मे चीफ मैनेजर पी के वर्मा, वृंदा क्लब के पदाधिकारी आदि शहर के गणमान्यजनों की रही उपस्थिति रही।

# स्कूली बच्चों के लिए 'गीता का ज्ञान-सफलता की पहचान' प्रेरक कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

■ गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी तथा गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन (गिव गीता) का गोपालगढ के स्कूल में संयुक्त आयोजन

**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी तथा गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन (गिव गीता) के संयुक्त तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालगढ़ में गीता व्याख्यान आधारित कार्यक्रम-'गीता का ज्ञान-सफलता की पहचान' आयोजित किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालगढ़ में गौरांग वैदिक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ वृंदावन चंद्र दास जी महाराज के परम शिष्य श्री अवतारी कृष्णदास प्रभु के द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्यान दिया गया।विद्यालय के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।यह कार्यक्रम गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक दिनेश खन्ना ने दिशा निर्देशन में हुआ।

महामंत्र के साथ श्रीमद्भगवद्गीता से गीता का ज्ञान सफलता की पहचान का उद्घोष किया गया।प्रभुजी ने कहा कि मनुष्य एक दुखी जीव है।उसका जीवन अनंत दुखों से भरा हुआ है। ऐसा व्यक्ति संसार में नहीं है जिसने कभी दुख नहीं भोगा हो।सभी मनुष्य सदैव स्थाई सुख की कामना करते हैं। दुख हमें अज्ञान के कारण मिलते हैं। सुखी होने के लिए हमें अज्ञान को दूर कर ज्ञान प्राप्ति के लिए श्रीमद्भगवद्गीता की शरण में आना होगा।भौतिक ज्ञान के साथ साथ हमें आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए तभी हम अपने जीवन को सफल कर सकेंगे। श्री अवतारी कृष्ण दास जी ने गिव गीता फ्री एप के बारे में सभी बच्चों को एवं विद्यालय के स्टाफ को जानकारी दी कि आप इस ऐप को फ्री लोड कर प्रतिदिन गीता के प्रवचन सुन सकते हैं।

विद्यालय के कई बच्चों द्वारा गीता के श्लोकों का अर्थ सहित शुद्ध उच्चारण किया गया जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बृजराज सारस्वत जी का विशेष सहयोग मिला। अकादमी से स्वामी घनश्याम भारद्वाज ने बच्चों को बताया कि जीवन में माता-पिता से बड़ा गुरु कोई भी नहीं हो सकता अतः माता-पिता का सदैव आदर करना चाहिए। जगदीश पथसारिया ने विद्यालय के सभी कर्मचारी एवं गिव गीता के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया है कि ये कार्यक्रम लगातार स्कूलों चलाया जा रहा है। इच्छुक स्कूल संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

कार्यक्रम में बृजराज सारस्वत, सूर्यकांत, राजकुमारी द्विवेदी, कल्पना वार्ष्णेय, लुभानी शर्मा, रूपांशी श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवी, पूनम अग्रवाल, नीलम तिवारी, शगुफ्ता मैडम आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मदरसा मोहम्मदिया अरबिया में हुआ वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

वेलकम इण्डिया



**बिस्कोहर।** नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित मदरसा मोहम्मदिया अरबिया में रविवार रात को वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन शरीफ की तिलावत से किया गया। इस दौरान मदरसा के बच्चों ने नात शरीफ, उर्दू, अरबी, इंग्लिश और हिंदी में तकरीर, इस्लामिक क्विज व दहेज प्रथा पर नाटक पेश किया। फरेहा ने शिक्षा और फरीदा ने इस्लाम पर तकरीर की। नूरुसबा व समा बानो ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी के बारे में सुनाया। मौलाना हमीदुल्लाह नदवी व मौलाना जकाउल्लाह ने मदरसा के बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी बच्चे काफी हुनरमंद हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मास्टर मोहम्मद अरशद ने कहा कि मदरसा मोहम्मदिया अरबिया में दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम का संचालन किया जा रहा है। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रा शहजादी , नूरसबा व अशरफ को परीक्षा प्रमाणपत्र व कार्यक्रम प्रस्तुति करने वाले छात्र छात्राओं को इनाम देकर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में मौलाना हमीदुल्लाह नदवी, मौलाना अब्दुल हफीज, मौलाना फखरुद्दीन, मौलाना जकाउल्लाह, एडवोकेट गजेंद्र प्रताप सिंह, प्रभात जयसवाल , सभासद मोहम्मद आसिफ, मनीष जयसवाल, अल्ताफ अहमद, डा. खुर्शीद अहमद, डा. शब्बीर अहमद, अताउल्लाह राईनी, सुल्तान अहमद , मोहम्मद अरशद, मोहम्मद सैफ, शकील अहमद आदि बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# विशेष शिविर के समापन पर संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर ग्राम फीना व ग्राम अजुपुरा में चल रहा था। स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत ₹उठें समाज के लिए उठें उठें₹ सामूहिक रूप से गाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें पानी की महत्ता को दशार्या गया। और नाटिका में संकल्प लिया गया कि हम पानी को व्यर्थ नहीं बहने देंगे। इसकी स्वयं रक्षा करेंगे साथ ही दूसरों को प्रेरित करेंगे। स्वयंसेवियों ने पर्यावरण नाटिका के माध्यम से अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु दर्शकों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने दिवसीय शिविर में 7 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवियों ने ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया। साथ ही योजनाओं से वंचित वर्ग के लोगों को चिन्हित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री ने की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज सेवा जैसे कार्यक्रमों से ही छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। समरसता की भावना जागृत होती है। लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा स्वयंसेवियों ने जो भी शिविर में सीखा है। उसे अपने जीवन में अपनाएं।

कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवियो द्वारा प्रस्तुत किए गए समस्त कार्यक्रम सामाजिक और प्रेरणाप्रद है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रथम इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत के द्वारा किया गया। स्वयंसेवियों ने मंच के माध्यम से उनके द्वारा 7 दिन तक किए गए कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की। शिविर का समापन ₹हम होंगे कामयाब एक दिन₹ गीत के साथ हुआ।

इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, पीयूष वर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ आरपी सिंह, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, पिंकी यादव, नीशु देवल, सचिन कुमार, सोनू कुमार, मंसाराम, सुषैन बाबू शर्मा, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पर्पल पेन का नवम वार्षिक उत्सव 'जश्न-ए-अल्फाज' का आयोजन

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'पर्पल पेन' द्वारा संस्था के नवम वार्षिक उत्सव 'जश्न-ए-अल्फाज' का शानदार आयोजन किया गया।

आईटीओ स्थित हिन्दी भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता मशहूर उस्ताद शायर सीमाब सुल्तानपुरी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक मैत्रेय का सानिध्य रहा। प्रसिद्ध शायर मासूम गाजियाबादी ( अति विशिष्ट अतिथि ) एवं एशियन गोल्ड मेडलिस्ट शूटर अनु तोमर (विशिष्ट अतिथि), संस्था की अध्यक्ष वसुधा कनुप्रिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और पूजा श्रीवास्तव की मधुर सरस्वती वंदना से हुआ।तत्पश्चात पर्पल पेन संस्था की संस्थापक - अध्यक्ष वसुधा 'कनुप्रिया' ने मंचासीन अतिथिगण को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर साहित्य भूषण समान से सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष वसुधा 'कनुप्रिया' ने अपने स्वागत वक्तव्य में संस्था की गतिविधियों और वर्ष भर में आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। 'जश्न-ए-अल्फाज' के प्रथम सत्र में अतिथियों ने पर्पल पेन और कनुप्रिया पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित साझा लोकगीत संग्रह 'लोकगीतों की तरंगिणी' का लोकार्पण ओर साहित्य की दीर्घकालीन सेवा के लिए वरिष्ठ साहित्यकरों -- प्रेम बिहारी मिश्र, शारदा मदरा और मधुश्री के. (मुंबई) को पर्पल पेन 'साहित्य गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। विशिष्ट जनों का सम्मान किया।

द्वितीय सत्र में भूपेंद्र कुमार के बाँसुरी वादन, लोकगीत गायन और काव्य गोष्ठी आयोजित हुयी। साहित्य,मीडिया,कला, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, समाज सेवा, खेल, आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पर्पल पेन 'साहित्य साधक सम्मान' प्रदान किया गया। साहित्यिक सेवाओं के लिए बबली सिन्हा वान्या, पूजा श्रीवास्तव, मनोज कामदेव, डॉ. कविता सूद, राजेंद्र निगम राज, इंदु राज निगम, संजय जैन, मीडिया के डॉ.शम्भू पवार,ओर हीरा लाल गुप्ता (खेल), जय प्रकाश शुक्ल (स्वास्थ्य) को सम्मानित किया गया। पर्पल पेन पटल पर साप्ताहिक लिखित आयोजनों के कुशल संचालन के लिए संस्था द्वारा मीनाक्षी भटनागर, रजनी रामदेव, वंदना गोयल और डॉ. कविता सूद (जीरकपुर, पंजाब) को 'साहित्य प्रेरणा सम्मान' दिया गया। सतत लेखन और सक्रिय सहभागिता के लिए मधुश्री के, गीता भाटिया, सुरेन्द्रपाल वैद्य (मंडी, हिमाचल प्रदेश), वीना तँवर और अश्वनी कुमार (पंचकुला) को 'पर्पल पेन साहित्य रत्न सम्मान' से अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक मैत्रेय ने भी बधाई देते हुए कहा कि यह साहित्यिक यात्रा इसी प्रकार अनवरत जारी रहे। कार्यक्रम में डॉ कामना मिश्रा, संगीता वर्मा, सुषमा शैली, अनिल मीत, रामकिशोर उपाध्याय, ओम प्रकाश शुक्ल, पूनम झा, उर्वी उदल, स्वाति गोयल, अनिल मासूम, छत्र छाजेड़, सहित बड़ी संख्या में साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली/एनसीआर के अतिरिक्त पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश से भी समूह के सदस्यों ने इस भव्य आयोजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सयुक्त रूप से सञ्चालन मीनाक्षी भटनागर और पूजा श्रीवास्तव ने किया।

# बीएचआरसी-डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया 07 किमी की मैराथन रैली आयोजन




वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित बीएचआरसी-डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट द्वारा ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेयर डिजीज ऑफ इंडिया के साथ 07 किमी की मैराथन रैली आयोजन किया गया।जिसका मुख्य उद्देश्य दुर्लभ बीमारियों के प्रति जनता में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ समाज में इन लाइलाज बीमारियों की पहचान कैसे की जाए और उनका इलाज क्या है। ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेयर डिजीज ऑफ इंडिया के साथ लोंगों की मदद करने के लिए इस मुहिम में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल वृंदावन भी शामिल हो गया है। श्रॉफ आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुफियान दानिश और सभी चिकित्सा अधिकारियों को डॉ. कपिल दीक्षित ने दुर्लभ बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट वृंदावन के वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी ने बताया कि वृंदावन में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल वर्ष 2014 से लगातार लोगों को अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहा है।साथ ही हम पूरे जिले में अंधता निवारण के लिए काम कर रहे हैं। जनमानस श्रॉफ आई हॉस्पिटल की सेवाओं, अच्छे कार्यों, उपचारों और ऑपरेशनों से इतने खुश हैं कि यह हॉस्पिटल मथुरा वृंदावन में लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में वृंदावन कोतवाली के एसएचओ और क्राइम एसएचओ, बीएचआरसी चिकित्सा अधीक्षक एवं हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ ने भाग लिया।वरिष्ट प्रशासक सी.पी.मैसी ने सभी का उनके सहयोग और भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## फलों की दुकान में घुसकर चोर ने की चोरी

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित आनंद सिनेप्लेक्स के निकट फलों की दुकान करने वाले एक व्यापारी की दुकान में चोर ने घुसकर हजारों रुपए के फल एवं गल्ले से नगदी चोरी कर ली पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी शाहरुख पुत्र यूसुफ ने बताया कि वह कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित आनंद सिनेप्लेक्स के निकट फलों की दुकान कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार की देर शाम म्हह अपनी दुकान बंद कर अपने घर आ गया था। पड़ोसियों द्वारा सूचना दी गई कि उसकी दुकान से किसी चोर ने फल एवं गल्ले से नगदी चोरी कर ली। जब पीड़ित अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसकी फलों की दुकान से सामान बिखरा हुआ था और गल्ला भी खुला हुआ पड़ा था। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी , सूचना मिलते हैं मौके पर पुलिस पहुंची और पीड़ित दुकानदार से कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का समापन, विजेता छात्राएं हुई सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर शुभारंभ प्रार्थना, राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं व्यायाम के साथ हुआ। इसके उपरांत सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता और पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जारा,द्वितीय स्थान मुशय्यदा एवं तृतीय स्थान अनुष्का और पर्यावरण एवं जल संरक्षण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जैनब, द्वितीय स्थान शमा एवं तृतीय स्थान सिद्रा ने प्राप्त किया।

समापन समारोह में प्राचार्या प्रो. प्रमोद कुमारी कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम मुख्य अतिथि रहे। स्वयंसेविका अर्शी एवं शाहीन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसी क्रम में स्वयंसेविका अर्शी,जैनब,शाहीन के द्वारा महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया। प्राचार्या प्रो.प्रमोद कुमारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान हुआ। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल देश भक्ति गीत, समूह गीत, एकल नृत्य, युगल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिविर में हुई प्रतियोगिता के विजेताओं एवं समूह को प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नजमुल इस्लाम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर में जो भी आपने सीखा है उसको अपने जीवन में अमल करने से ही इस शिविर की सार्थकता होगी। यह अनुभव आपको जीवन भर काम आएगा। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ एवं सैकड़ो छात्राएं मौजूद रही।

## लूट के झूठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**कांधला।** कस्बे की बिजली घर मार्ग निवासी एक युवक ने पुलिस को लूट की झूठी सूचना दे दी। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला रुपयों के लेनदेन का निकला पुलिस ने झूठी निकलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। सोमवार सवेरे कस्बे की बिजली घर मार्ग निवासी आसिफ पुत्र इस्लाम ने पुलिस को सूचना दी की दो बदमाश पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए उसकी गाड़ी छीन कर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और पुलिस बल को लेकर उपनिरीक्षक सुभाष सिंह युवक द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे। पुलिस ने जब घटनास्थल पर मामले की जांच पड़ताल की तो मामला रूपयों की लेनदेन का निकला। पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। झूठी सूचना देने वाले युवक ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि उसका कस्बा निवासी पिता पुत्र के साथ रूपयों का लेनदेन था और पिता-पुत्र अपने रूपयों के एवज में उसकी गाड़ी लेकर चले गए थे।

## दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हयात आई केयर एंड आप्टिकल नूरपुर ?के तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में चिकित्सक जिशान अहमद के नेतृत्व में अब्दुल मन्नान, रमसा हयात आदि चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय के लगभग 1300 छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई और देखभाल के सुझाव दिए गए। शिविर में छात्रों की आंखों में देखने की क्षमता की जांच के दौरान जिन छात्रों में जो दृष्टि दोष पाया गया। उसको उसी हिसाब से चश्मा का सुझाव देते हुए उनके लिए लेंस नंबर की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि इस शिविर का मूल उद्देश्य समय-समय पर छात्रों को नेत्र समस्या न हो इसके प्रति जागरूक करना है। क्योंकि आंखें मानव के लिए अमूल्य धरोहर होती है,इसकी देखभाल करना हम सब का परम कर्तव्य है।

वरिष्ठ चिकित्सक जिशान अहमद ने कहा कि अधिकांश बच्चों की आंखों में एलर्जी व धूल मिट्टी से संक्रमण पाया गया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा के दौरान बच्चों में अधिक मोबाइल के प्रयोग से हल्का संक्रमण पाया जा रहा है और मौसम बदलाव से भी आंखों में एलर्जी भी पाई गई है चिकित्सक की सलाह पर ली गई सामान्य दवाओं से दो-तीन दिन में ठीक हो जाता है। हालांकि सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

इस अवसर पर टीकम सिंह, चंचल कटारिया, जीवन सिंह, गौरव चौहान, कुसुम लता, शैलेंद्र कौर, दिव्या कौशिक, स्वाति यादव, कपिल बब्बर आदि का सहयोग रहा।

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उपकेन्द्र गड़ाकुल अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गड़ाकुल शोहरतगढ़.पर शनिवार को गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म का कार्यक्रम किया गया। आपको बता दें कि आंगनबाड़ी उपकेन्द्र गड़ाकुल की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम और मूरत देवी है। वहीं शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उपकेन्द्र गड़ाकुल के आंगनबाड़ी केन्द्र गड़ाकुल में लाभार्थी सुशीला और निर्मला की गोदभराई रस्म की गयीं। इस दौरान उपकेन्द्र पर एएनएम सुनैना मिश्रा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सीमा चौहान और क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कांवडियों के रुट मार्ग का भ्रमण कर एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण के दौरान कांवडियों के आने-जाने वाले रुट मथुरा-हाथरस-सिकन्द्राराऊ मार्ग हतीसा पुल, तालाब चौराहा, पुलिस लाइन, कस्वा मैण्डू, हाथरस जंक्शन, कैलोरा चौराह का भ्रमण किया गया तथा रुट में पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध करने हेतु व उन्हें सतर्कता के ड्यूटी करने तथा कावडियों को सामूहिक रूप से जत्थों में रवाना करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवडियो से संवाद कर उनका हाल चाल जाना । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी हाथरस जंक्शन द्वारा लगाये गये पुलिस कैम्प में पहुँचकर आने-जाने वाले कांवड यात्रियों को सूक्ष्म जलपान कराकर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया ।साथ ही कांवड मार्ग पर कांवड यात्रियों के ठहरने एवं सूक्ष्म जलपान, मेडिकल किट आदि हेतु बनाये गये शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कांवड मार्गों पर लगे समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगणों द्वारा मार्ग से आने-जाने वाले कावड यात्रियों का उचित मार्गदर्शन करते हुए पुलिस पार्टी के साथ उनके गंतव्य को सकुशल रवाना-पास कराया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके एवं सभी अपने-अपने गंतव्य को सकुशल पहुंच सके।

## जो दुखी लोगों के चेहरे और जिन्दगी में मुस्कान लाता है उसके लिए तो शब्द ही कम पड़ जाते : डॉ विकास शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** रविवार को निस्वार्थ सेवा संस्थान परिवार की ओर से पत्रिकारिता विमोचन एवं पत्रकार सम्मेलन का चौथा संस्करण गोपाल धाम धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हाथरस शहर के नामचीन एवं समाजसेवी फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास कुमार शर्मा ने सहभागिता निभाई। सर्वप्रथम डॉ विकास कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के छवि चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इनके द्वारा बोला गया जय श्री राम के जय कारे से माहौल भक्ति मय हो गया।



उन्होंने निस्वार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं समस्त टीम का आभार जताया और साथ ही संगठन की पूरी टीम की खूब सराहना की। किसी गरीब परिवार की दुखभरी जिंदगी में मुस्कान लाना बहुत बड़ी बात होती है ।जो दुखी लोगों के चेहरे और जिन्दगी में मुस्कान लाता है उसके लिए तो शब्द ही कम पड़ जाते हैं । उनके लिए क्या कहे वे तो पृथ्वी पर साक्षात देवता है जो गरीबो के साथ-साथ सभी प्राणियों के सुख दुःख में साथ होता हैं ।

टीम निस्वार्थ सेवा संस्थान इसी कार्य को करते हुए कई वर्षो से गरीबों के जीवन में मुस्कान ला रही हैं यह एक ऐसा टीम है जो गरीबो की सेवा के मामलों में पूरे जिले में एक मिशाल प्रस्तुत कर रही हैं। पत्रकारिता, लोगों को जन रुचि से जुड़े विषयों पर सटीक और निष्पक्ष जानकारी देती है. इससे लोगों को दुनिया को समझने और उसमें हिस्सा लेने में मदद मिलती है। पत्रकारिता, लोकतंत्र को मजबूत करती है और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता, समाज की गतिविधियों का दर्पण हको कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर विकास कुमार शर्मा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना पैसों के इलाज करने में असमर्थ है ऐसे लोगों की जानकारी मुझे दें। मैं इनकी निशुल्क रूप से दवा और सभी जांच कराकर बीमारी का इलाज कराऊंगा। इस कार्य के लिए मुझे 24 घंटे में कभी भी फोन करके अवगत करा सकते हैं। मेरे घर के दरवाजे उन गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा के लिए खुले हुए हैं जो 24 घंटे सेवा में समर्पित हैं।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू



**वेलकम इंडिया**

**बेलहर,संतकबीरनगर।** जनपद में सोमवार, 24 फरवरी को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की हिंदी परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा के प्रथम पाली में हाई स्कूल और द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के छात्रों ने भाग लिया। जनपद में कुल 113 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे,जहां कुल 55.388 लगभग बच्चे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में थे 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट अलग अलग हिस्सों में निगरानी कर रहे थे। परीक्षा के दौरान स्टेट ऑब्जर्वर उमेश कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी संजीव राय है एवं सचिन कुमार यादव को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी बनाया गया है ।उन्होंने निर्देश दिया कि मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी की जाए और किसी भी समस्या की तुरंत जानकारी अधिकारियों को दी जाए।

परीक्षा के दौरान मॉनिटरिंग सेल ने प्रत्येक गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी और पल-पल की अपडेट संबंधित अधिकारियों को प्रदान की। प्रशासन ने नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किए, जिससे परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सकी

## बॉलीवुड अभिनेता शाहबाज खान ने किया मेघा गुप्ता को सम्मानित

**वेलकम इंडिया**

**बागपत।** दिल्ली में एक मेकअप कंपीटिशन, सेमिनार व अवार्ड शो का आयोजन किया गया। इसमें बागपत समेत दिल्ली एनसीआर से काफी मेकअप आर्टिस्ट ने भाग लिया। इस मौके पर बागपत जिले की जानी-मानी सुप्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट मेघा गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने यहाँ पर एक मॉडल को मेकअप कर बहुत ही अच्छे तरीके से तैयार किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। उनकी कला को देखते हुए कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि के रूप में आये बॉलीवुड अभिनेता शाहबाज खान व अंजली राघव ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और आगे इससे भी अच्छा प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी।

मेघा गुप्ता की इस उपलब्धि को देखते हुए गौतम कपूर ने भी उन्हें बधाई दी। मेघा गुप्ता एक सुप्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट है और उन्हें अभी तक कई



कार्यक्रमों में सम्मानित किया जा चुका है। उनका मकसद ब्यूटी में नाम कमाना है।

कार्यक्रम में काफी मॉडल ने भाग लिया और रैंप पर अपना जलवा बिखेरा। मेकअप आर्टिस्ट मेघा गुप्ता ने कार्यक्रम में आये लोगों को ब्यूटी के टिप्स दिये और मेकअप करते समय रखी जाने वाली सावधानियो से भी अवगत कराया।

## गेहूं की फसल के बचाव हेतु फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने की मांग

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां क्षेत्र में गेहूं की फसल खेतों में खड़ी है ।अब फसल पकने की कगार पर है ।किसान आज ही से गेहूं की फसल के बचाव हेतु चिंतित है ।प्रत्येक वर्ष आग लगने घटना से गेहूं की खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं सेमरियावां क्षेत्र के जिला पंचायत प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद एक प्रतिनिधिमंडल के साथ डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रभारी जिला अधिकारी से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया। मुहम्मद अहमद ने क्षेत्र के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के बचाव हेतु दुधारा एवं सेमरियावां में समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की ।

मुहम्मद अहमद ने प्रभारी डीएम को पत्रक देकर मांग किया कि गेहूं की



तैयार फसल को आग की विभीषिका से बचाने हेतु दुधारा क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाड़ी की व्यवस्था बहुत जरूरी है ।सेमरियावां ब्लॉक के अधिकांश गांव बस्ती जनपद के सीमावर्ती गांव हैं ।तहसील जिला मुख्यालय से काफी दूर हैं ।पिछले कई वर्षों से आग आग लगने की घटना हो रही है ।जो गांव की आबादी को भी प्रभावित कर देती है ।जान माल का खतरा बना रहता है ।किसानों की खेत में खड़ी गेहूं की फसल देखते ही देखते बरबाद हो जाती है ।अग्निशमन वाहन व्यवस्था दूर होने के कारण पहुंचने में बहुत विलंब हो जाता है ।तब तक फसल को बहुत हानि हो जाती है। मुहम्मद अहमद, सैयद फिरोज अशरफ ,मो मोबीन आदि ने जिला प्रशासन से जनपद मुख्यालय से दूर क्षेत्रों एवं थाना दुधारा सेमरियावां क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाड़ी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है ।प्रभारी डीएम ने समस्या को सुना एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## डकैत की तलाश में उत्तराखंड पुलिस की दबिश

**कांधला।** उत्तराखंड पुलिस ने डकैती के मामले में वांछित चल रहे एक बदमाश को पकड़ने के लिए आरोपी के घर पर दबिश दी आरोपी घर पर नहीं मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों को चेतावनी देकर वापस उत्तराखंड लौट गई। उत्तराखंड राज्य के देहरादून जनपद के डोईवाला थाने के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने सोमवार को पुलिस टीम के साथ थाने पर आमाद कराई। उत्तराखंड पुलिस के उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी तहसीन पुत्र वाहिद ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर डोईवाला क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर पर परिवार को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। उत्तराखंड पुलिस ने डकैती की घटना का राजफाश करते हुए सभी अभियुक्तों को डकैती के माल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी तहसीन न्यायालय से जमानत मिलने के बाद न्यायालय के समक्ष काफी दिनों से प्रस्तुत नहीं हो रहा है।

## डीएम व एसपी ने बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के हेतु परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा 10 व 12 की बोर्ड परीक्षा-2025 को नकलविहिन व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा की निगरानी में परीक्षा शुरू होने से लेकर परीक्षा समाप्ति तक निर्बाधरुप से रिकॉर्डिंग के साथ परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी व सीटिंग प्लान का निरीक्षण कर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए




जाने हेतु लगायी गयी डयूटी का सम्बंधित अधिकारी एवं कक्ष निरीक्षक द्वारा निदेशानुसार अक्षरः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी द्वारा पुलिस डयूटी सहित परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध करायी गयी समस्त व्यवस्थाओं/ सुविधओं के बारे में जानकारी लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिसकर्मियों को सतर्कता व सौम्यता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## सरकारी दवा जलाकर तालाब में फेकने से मछलियों के मरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**वेलकम इण्डिया**

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के बर्डपुर पशु चिकित्सालय द्वारा सरकारी दवा जलाकर तालाब में फेकने से कई मछलियां मरी, जिसका वीडियो अब सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि पूर्व में पशु चिकित्सालय का नॉन स्पायर दवाइयां जलाने का वीडियो वायरल हुआ था, और पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों ने जली हुई दवाइयां तालाब में फेक दिया गया, जिससे मछलियां मर गई और जल में उतराती दिखाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पीड़ित व्यक्ति ने वीडियो जारी कर कहा कि पशु चिकित्सालय के द्वारा जली हुई दवाइयां तालाब में फेका गया, जिसके चलते तमाम मछलियां मर गयीं। पीड़ित व्यक्ति ने



चौकी पर तहरीर देकर पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि 40 किलो मछली का बच्चा तालाब में डाला गया था, लेकिन जली हुई दवाइयां पड़ने से सभी मछलियां मर गई है। पूरा मामला बर्डपुर पशु चिकित्सालय का है।

## मदरसा नजमा-लिलबनात- जातेडीहा दुबौलिया में पुरस्कार वितरण समारोह व मेडिकल कैंप का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां अंतर्गत जाते डी हा दुबौलिया स्थित मदरसा नजमा लिल बनात में पुरस्कार वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदरसा में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली क्षात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

प्रथम स्थान बुशरा ,आयशा, मुसफिरा ,मुशय्यदा ,अलमास, जाकीया, शिफा ,हफ्सा सादिया, हुसना ,मारिया, सिदरतुल्मुन्तहा, निकहत, नसरीन, मारिया, द्वितीय स्थान ऐमन ,रुकय्या ,नाहीद, अरीबा ,तरन्नुम ,आसमां, रुश्दा ,अनाबिया, मारिया, लाइबा ,नुजहत ,फिरदौस, सहरबानो ,तृतीय स्थान सामिया ,असफिया, मरियम, जिया ,नईमा ,शिफा, मारिया,



शहरीन जुबैर ,मुबश्शरा, तहसीन, अलशिफा, सना रब्बानी ,जवैरिया, तस्लीमा को दिया गया।

इस अवसर पर मदरसा-नजमा-लिलबनात के कार्यवाहक प्रबंधक डॉ.अख्तर हुसैन कासमी ने कहा कि छात्रों से कहा कि छुट्टियों के दौरान शिक्षा के साथ खुद को कुरान के अध्ययन, हदीस की व्याख्या, न्यायशास्त्र से जोड़ें, अपने खाली समय को मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि शिक्षा के लिए उपयोगी बनाएं। छुट्टियों के दौरान अपनी पिछली कमियों पर गौर करें और उसे दूर करने का प्रयास करें।

मदरसा के नाजिम महबूब आलम नदवी ने कहा छात्राएं तछुट्टी के दिनो को गनीमत समझें तालीम को अमली जिंदगी में दाखिल करें। मोबाइल से दूर रहें किताबों से रिश्ता जोड़ें। हर घर में तालीम को फरोग दें ।

# सीडीओ ने किया सीएचसी धौलाना का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने सीएचसी धौलाना का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित को दिए सख्त दिशा निर्देश।

सी0एच0सी0 में अव्यवस्था पर मेडिकल ऑफिसर को जमकर लगाई फटकार।आपको बता दें कि मुख्य विकास अधिकारी हिमाशु गौतम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौलाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा0 चन्द्र मोहन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित पाये गये। ओ0पी0डी0 काउन्टर पर काफी संख्या में मरीज अपना पर्चा बनवा रहे थे। चिकित्सालय में फिजिशियन के रूप में मरीजो को देखने हेतु डा0 के0के0शर्मा एव डा0 वरूण को तीन-तीन दिन आवंटित किए गए हैं। निरीक्षण के समय फिजिशियन के कक्ष के बाहर मरीजों की लाईन लगी हुई थी। परन्तु कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं थे।काफी समय बाद डा0 के0के0शर्मा उपस्थित हुए।उनसे मरीजों की जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि तत्काल अपने कक्ष में रहकर मरीजों को चेकअप कर उपचार की कार्यवाही की जाए।इसी प्रकार नेत्र रोग विषेशज्ञ डा0 अन्जुबाला ढीगरा एवं बाल रोग विषेशज्ञ डा0 स्वाति सागर अनुपस्थित थी। दोनो के कक्षों के बाहर काफी संख्या में मरीज उपस्थित थे।बाल रोग विषेशज्ञ के बाहर तो महिलाए छोटे-छोटे बच्चों के साथ इंतजार कर रही थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा उन्हें न तो डॉक्टर के अवकाश की जानकारी दी गई। और न ही किसी अन्य डॉक्टर की व्यवस्था की गई। मौके पर उपस्थित चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिए गए कि तत्काल उक्त कक्षों में मरीजों को देखने हेतु डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। सी0एच0सी0 में साफ सफाई भी उचित नहीं पाई गई।इसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को जमकर फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि वह सफाईकर्मी से नियमित रूप से ठीक प्रकार से सफाई कराना सुनिश्चित करें।

## खनन से नुकसान हुआ गांव को तो खनन न्यास से क्षतिपूर्ति क्यों नही

**बागेश्वर।** खड़िया खदान से खनन में निकले मलुवे से गांव की परिसम्पत्तियों को नुकसान होने और खनन से राजस्व अर्जित करने के बाद खनन क्षेत्रों के नुकसान की भरपाई के लिए बने खनन न्यास का पैसा गांव के विकास में नहीं लगने पर जल्थाकोट के ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खनन के कारण गांव के पनघट, रास्ते तथा गोचर मार्ग बदहाल हो गए हैं। कई बार शिकायत करने पर भी समस्या नहीं सुलझी। उन्होंने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।और खनन न्यास के बजट को गांव की सम्म्पत्ति को हुए नुकसान के लिए नही लगाए जाने को गलत ठहराया। ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया।

# खंड शिक्षा अधिकारी के बचाव में उतरे शिक्षक और शिक्षक संगठन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** विकास क्षेत्र आलमपुर जाफराबाद के शिक्षक संगठनों और तमाम शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर जाफराबाद सतीश कुमार वर्मा पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए, जिलाधिकारी बरेली को संबोधित एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर अभियान चलाया है, शिक्षकों का कहना है खंड शिक्षा अधिकारी पर जो आरोप लगाए गए हैं जिनमें हिम्मतपुर एवं त्रिकुनिया स्कूलों का नाम लेकर एक भ्रामक एवं मिथ्या शिकायत की गई थी, कि वह सीसीएल, कंपोजिट ग्रांट, एवं अन्य स्कूल ग्रांट में बसूली करते हैं।इसको लेकर ब्लॉक के समस्त शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्र होकर खंड शिक्षा अधिकारी पर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार एवं झूठा बताया हैं, शिक्षकों ने कहा है कि इससे ब्लॉक एवं खंड शिक्षा अधिकारी की छवि को धूमिल किया जा रहा हैं। इसी प्रकरण को लेकर समस्त शिक्षक संगठनों एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित अध्यापको ने सोमवार को बीआरसी भमोरा पर एकत्र होकर भारी आक्रोश व्यक्त किया एवं जिला अधिकारी बरेली को संबोधित करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया।

तमाम शिक्षक संगठनों और अध्यापकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर जाफराबाद पर लगाए गए आरोप को निराधार बताया गया। सभी ने जिलाधिकारी से मांग की गई कि खंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध झूठी शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को चिन्हित कर उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष बने उदय सिंह यादव



**झांसी।** राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ पशुपालन विभाग मण्डल शाखा की बैठक राजकीय पशु चिकित्सालय केन्ट झांसी में सम्पन्न हुई ।जिसकी अध्यक्षता मानसिंह प्रदेश अध्यक्ष ने की एंव प्रदेश महामंत्री त्रिलोक सिंह बिष्ट ने की सभी पदाधिकारियों द्वारा वैठक को संबोधित करते हुये संगठन को मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिये पुरजोर शब्दों में सराहना करते हुये एक जुटता दिखाने की बात कही गईं तत पश्चात सदस्यों द्वारा सभी सदस्यों की भावनाओं को रखते हुये चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ की गई जिसमें चुनाव अधिकारी पुरन सिंह परिहार महासंघ अध्यक्ष एवं सह चुनाव अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा प्रदेश सचिव महासंघ एवं मानसिंह प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री त्रिलोक सिंह विष्ट की देखरेख में संम्पन्न हुए । जिसमें सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया ।निर्वाचित पराधिकारियो के नाम निम्म प्रकार है।जिसमें उदय सिंह यादव को मण्डल अध्यक्ष,अशोक तिवारी मंडल मंत्री,मोहनलाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष,राजेन्द्र प्रसाद उपाध्यक्ष, श्रीमति विमला-ललितपुर उपाध्यक्ष, जितेन्द्र जालौन उपाध्यक्ष,कौशल किशोर कोषाध्यक्ष सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# 35 नस्लों के 180 कुत्तों ने डॉग शो में दिखाया जलवा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के मैदान में रविवार को रुहेलखंड केनेल क्लब की ओर से डॉग शो का आयोजन हुआ, जिसमें 35 से अधिक नस्लों के 180 से अधिक कुत्ते दिल्ली, कानपुर, मुंबई, हरियाणा, चंडीगढ़, देहरादून समेत कई शहरों से पहुंचे।विदेशी कुत्तों के बीच इस शो में देसी नस्ल के कुत्ते गिनती के ही दिखाई दिए, लेकिन बेहतर परवरिश पा रहे देसी नस्ल के कुत्तों की रंगत इस डॉग शो में चर्चा का विषय रही। देसी और विदेशी कुत्तों ने जलवा बिखेरते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। डॉग शो का उद्घाटन आईवीआरआई की संयुक्त निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने किया। इसमें विश्व में सबसे छोटे कुत्तों की नस्लों में चिहुआहुआ तो सबसे बड़े कुत्तों की नस्ल में ग्रेट डेन शामिल रहा। विदेशी नस्लों के अकिता समेत कई कुत्तों ने बारी-बारी से अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसे देख दर्शक हैरान रह गए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अभय तिलक ने बताया कि इस शो में विदेशी नस्ल के काफी कुत्ते आए थे, सभी में अपनी अलग-अलग कला थी।सचिव राकेश भंडारी ने बताया कि शो का मुख्य आकर्षण कारवां, पग, रीटीवर, लैबराडोर, अकिता, जर्मन शैफड, साइबेरियन हस्की, बुलडॉग डाबरमेन, पेकिंगीज आदि रहे। डॉग शो में कई ऐसे कुत्ते थे, जो रेंज रोवर, हांडा सीवी, फॉर्च्यूनर, एंडवरर, मर्सिडीज जैसी महंगी गाड़ियों से आए थे।शाम 4 बजे तक चले शो में उनके खाने का खास इंतजाम किया गया था। इस डॉग शो में चार से पांच लाख तक के डावरमेन थे, वहीं आठ लाख तक का गोल्डन रिटीवर भी था।लाखों की कीमत वाले महंगी ब्रीडों के कुत्ते देखने के लिए शहर के लोग पहुंचे और उनके बारे में जानकार भी ली।इस डॉग शो में विदेशी नस्लों के अकिता समेत कई कुत्तों ने बारी-बारी से अपनी कला का प्रर्दशन किया, जिसे देख दर्शक हैरान रह गए।

विश्व में सबसे छोटे कुत्तों की नस्लों में शामिल चिहुआहुआ नस्ल के कुत्ते को लेकर बिजनौर के विक्रम सिंह परिवार के साथ पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कुत्ते का नाम लिओन है।पूरे परिवार के साथ घुला-मिला है। वहीं, आंवला के वैभव टायपाम नस्ल के कुत्ते को लेकर परिवार के साथ आए थे। उन्होंने बताया कि उनके कुत्ते की उम्र तीन साल है। विश्व में इससे छोटे कद का कोई कुत्ता नहीं है।करनाल से सुमित अमेरिकन अकिता नस्ल का कुत्ता लेकर पहुंचे थे, जो जापान के उत्तरी पहाड़ी इलाकों की एक कुत्तों की नस्ल है। सुमित ने बताया कि इसकी खासियत यह है कि यह किसी तरह की गंध नहीं छोड़ता। परिवार के सदस्यों के प्रति बेहद वफादार है।राकेश गुप्ता दिल्ली से कोरिया नस्ल के कुत्ते को लेकर शो में आए थे। उन्होंने बताया कि डॉग का नाम पोमरालियन है।देखने में देसी बिल्ली से छोटा यह कुत्ता काफी चुलबुला होता है। दिल्ली के अमित शो में साइबेरियन हस्की नस्ल के कुत्ते को लेकर आए। जिसका नाम विलो था। डॉग शो में हरियाणा से आए सुमित का बुलडॉग ने प्रथम, फिरोजाबाद के शिवम गुप्ता के कारवां ने द्वितीय, दिल्ली के शिहत्जु पिल्ले ने तृतीय, भोपाल के यश के डाबरमेन ने चौथा, दिल्ली के अलखनंदा के पॉमेलियन ने पाचवां, करनाल के सुमित के अकिता ने छठवां, दिल्ली के महिपाल के लैबराडोर ने सातवां और केशव के पेकिंगीज ने आठवां स्थान प्राप्त किया।

# पत्नी व प्रेमी पर पति ने चलाई गोली



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में थाना खानपुर क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर गोली चला दी। यह घटना खिदरपुर सर्वोदय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास हुई, जब महिला अपने बच्चे को हाईस्कूल का पेपर दिलाने आई थी।बताया जा रहा है कि महिला बीते पिछले साल से अपने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रह रही थी। आज वह अपने प्रेमी के साथ बच्चे को परीक्षा केंद्र छोड़ने आई, तो पहले से घात लगाए बैठे पति ने दोनों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से महिला और उसके प्रेमी को गंभीर चोटें आई थी, और महिला की उपचार के दौरान अब मौत हो गई है। बताया जा रहा है घटना स्थल पर कई राउंड फायरिंग हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसपी सिटी शंकर प्रसाद, सीओ स्याना और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई है।पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

## चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीग में दतिया की रोमांचक जीत



**झांसी।** चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीग के तहत दतिया और झांसी जनपद की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें दतिया ने 41-39 से जीत दर्ज की। मैच का शुभारंभ भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज रावत ने किया, जिनके साथ राष्ट्रीय महासचिव गोपाल सिरोठिया भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से चेयरमैन कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह, प्रिंसिपल शैलजा सिंह, वॉयस प्रिंसिपल सैंड्रा सैमुअल, कीर्ति पटेरिया, वंदना कुशवाहा, करुणा यादव, ज्ञान दुबे और अंजली पटेरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में मो. नईम मंसूरी, दीप्ति रजक, मयंक कुशवाहा, अंकित पटेल और आयुष तिवारी शामिल थे। दतिया की ओर से मो. आलिम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 21 अंक अर्जित किए, जबकि झांसी की टीम से खेल रहे खुशाल वर्मा ने 37 अंक बनाए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया और सम्मानित किया गया।

## सामूहिक बेड़ा 53 किलो का पीतल का घंटा लेकर हरिद्वार से अनूपशहर पहुंचा



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** शिवरात्रि को लेकर प्रशासन ने तमाम त्यारी पूरी कर ली है शिवभक्तों का हरिद्वार से जल लेकर वापस आना शुरू हो गया है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है सोमवार को शिवभक्तों का काफिला नरसेना क्षेत्र से गुजराता हुआ दिखाई दिया थानाप्रभारी नरसेना चंदगीराम ने बताया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, लगतार सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है शिव भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार ला रहे हैं। कावड़ कोई भक्त 101 लीटर गंगा जल लेकर अपने गांव पहुंच रहा है तो कोई 51 लीटर तो कोई ?21 लीटर जल लेकर अपने गांव पहुंच रहा है।शिव भक्तों का एक बेड़ा 53.किलो का घंटा लेकर मलकपुर अपने गांव जा रहे हैं अनूपशहर क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी कावड़िया दानवीर, सूरज, राहुल, , देवेंद्र, विनोद, राकेश, सुरेंद्र, उदयवीर, का सामूहिक बेड़ा 53 किलो का पीतल का घंटा लेकर हरिद्वार से मलकपुर पहुंचे जैसे ही शिव भक्त थाना नरसेना के समीप पहुंचे तो वहां पर थाना प्रभारी ने उनका स्वागत किया।

# वन विभाग की मिलीभगत से वन माफिया ने उड़ा दिये हरे भरे पेड़

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के गांव कमालपुर में लकडी माफिया ने दिनदहाड़े हरे भरे पेड़ों को काट दिया ऊंचागांव क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि दिन निकलने की साथ ही हरे भरे फलदार वृक्षों को उड़ा देते हैं। लेकिन इस पर न तो वन विभाग कार्यवाही करता है। कारवाई होती है तो सिर्फ दिखावे के लिए ताजा मामला ग्राम कमालपुर का है।जहां पर लकडी माफिया ने सुबह लगभाग 9:00 बजे ही हरे आम के पेड़ों को काट डाला कहीं न कहीं विभाग की लापरवाही या फिर ढुलमुल रवैये का नतीजा सामने आ रहा है।क्योंकि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।यही वजह है कि वन माफिया बेखौफ होकर हरे पेड़ों को काट रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार पेड़ों की कटाई पर चाहे जितनी भी रोक लगा ले। लेकिन हरे पेड़ों की अवैध कटाई पर लगाम नहीं लगा पा रही है। आखिर किसके समर्थन से इतने बड़े पैमाने पर कटान हो रहा है ? वन माफिया रोजाना ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों को काट रहे हैं यह सिलसिला जारी है। वन माफिया अपने निजी फायदे और पैसे कमाने के लिए आम, जामुन, तुन गूलर सागौन शीशम जैसे पेड़ों को काटने से नहीं हिचकते है खबर प्रकाशित होने तक वन विभाग की तरफ से किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कर आवश्यकता कार्रवाई की जाएगी। वन दरोगा प्रमोद भारतीय।

## जहरीला पदार्थ गटखने से महिला की मौत

**कपकोट।** कपकोट थाना क्षेत्रान्तर्गत गुलेर गांव निवासी एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी कपकोट लाए। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुलेर गांव निवासी 42 साल की गीता देवी पत्नी हीरा सिंह को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु सीएचसी कपकोट में लाए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव कब्जे में लिया और पंचनामा भरा।

# भाजपा ही कर सकती है क्षेत्र का विकास : विपुल गोयल

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** हरियाणा सरकार मंत्री विपुल गोयल ने सोमवार को हिसार के अलग-अलग क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा को वोट देने की अपील की। श्री गोयल ने कहा कि आप लोग भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताकर क्षेत्र में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का काम करें। श्री गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नॉन स्टॉप हरियाणा के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं ट्रिपल इंजन की सरकार हिसार क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि निकाय चुनाव आपके शहर के भविष्य का चुनाव है, इसलिए एक-एक वोट भाजपा प्रत्याशियों को देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं। विपुल गोयल ने कहा कि भाजपा ने आज जो संकल्प पत्र जारी किया है उसमें शहर के विकास का खाका है। भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया था उन दावों को नायब सरकार पूरा करने में जुटी है। श्री गोयल ने कहा कि नगर निकाय का संकल्प पत्र जो आज जारी हुआ है उसमें जो गारंटी भाजपा ने दी है उसे मुख्यमंत्री नायब सिंह गारंटी के साथ पूरा करेंगे।

श्री गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जिस तरीके से पिछले 4 महीने से हरियाणा में विकास ने गति पकड़ी है उसको और तेज गति देने के लिए हर वार्ड में कमल का फूल खिलाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश का समान विकास कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं मेयर पद के प्रत्याशी प्रवीन पोपली ने कहा कि शहर में भाजपा की सरकार बनने के बाद संकल्प पत्र के हर वादे को अक्षरश पूरा किया जाएगा। हम हिसार को पूरे प्रदेश में सबसे बेहतर शहर बनाएंगे। जनसभाओं के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता, विधायक हांसी विनोद भयाना, मेयर प्रत्याशी प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला महामंत्री आशीष जोशी, संजीव रेवड़ी भी उपस्थित रहें।

## गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए समय से 108 एम्बुलेंस नही मिलने से नाराजगी

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला के के पेट में पल रहा बच्चा मर गया। वह जिला अस्पताल में सुरक्षित प्रसव की आशा में घंटों तड़फते रही। जिला अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के लिए पहुंची थी, जहाँ जिला अस्पताल में तैनात महिला रोग विशेषज्ञ गायत्री पांगती द्वारा गर्भवती महिला की जांच की।जहाँ उन्हें गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ में समस्या दिखी, वही जांच के बाद महिला के सुरक्षित प्रसव हो इसके लिए महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। गर्भवती महिला के परिजनों द्वारा महिला को हायर सेंटर ले जाने के लिए 108 एम्बुलेंस को सूचित किया गया।जहां काफी देर तक इंतजार करने के बाद उसे एंबुलेंस मिल सकी। उसे जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# यूपी बोर्ड की पहले दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा सोमवार से कड़ी सुरक्षा के बीच नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों पर शुरू हुई। पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की हिंदी विषय की परीक्षा हुई।हाईस्कूल की परीक्षा पहली पाली में 8:30 से 11:45 तक जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरी पाली में दो बजे से 5:15 तक संपन्न हुई।उपजिलाधिकारी कुमार गौरव सहित सचल दल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है।नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज ,सनराइज इंटर कालेज,राजकीय इंटर कॉलेज बादली और सर सैयद इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

परीक्षा को नकलविहीन बनाए जाने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट और सैक्टर मजिस्ट्रेट सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा केंद्रों का दौरा करते रहे।

उपजिलाधिकारी/जोनल मजिस्ट्रेट कुमार गौरव ने राजकीय इंटर कॉलेज बादली और रैनबो इंटर कॉलेज चंदुपुरा सीकमपुर का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 35 और इंटरमीडिएट के 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि सनराइज इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 67 और इंटर के 27 बच्चे अनुपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की गयी जारी, देखा गया सजीव प्रसारण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



दिनांक 24 फरवरी 2025 प्रतापगढ़। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार में आयोजित किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की जायेगी जिसका सजीव प्रसारण कृषि भवन परिसर में आयोजित किया गया जिसका अवलोकन भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विजय मिश्रा, महामंत्री अतुल शुक्ला, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित कृषकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद में फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु स्थापित एग्रीगेटर परियोजना के अन्तर्गत स्थापित कस्टम हायरिंग सेन्टर के लाभार्थी छेदीलाल ब्लाक संग्रामगढ़, सत्य नारायन, राम सागर विकास खण्ड कालाकांकर व प्रद्युम्मन सिंह विकास खण्ड सदर को प्रमाण पत्र एवं ट्रैक्टर की चाभी प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जायद की फसलोत्पादन की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। इस अवसर पर कृषकों को निःशुल्क मिनीकिट बीज उर्द का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, कृषि, पशुपालन, उद्यान, नेडा, सोलर, एवं अन्य विभागो द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर जनसामान्य को योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त विकास खण्डों में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषकों द्वारा देखा गया। पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त पाकर किसानों में काफी प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

# घर में घुसकर दो मासूम बहनों से दरिंदगी करने वाले आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक दरिंदे ने घर में घुसकर 6 और 8 साल की दो सगी बहनों के साथ दरिंदगी की। घटना उस समय की है जब दोनों ही मासूम बच्चियां घर में अकेली थीं। फिल्हाल इस घटना में आरोपी मुनब्बर हुसैन मंसूरी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें, कि जब आरोपी इस घिनौनी घटना को अंजाम दे रहा था उसी दौरान अचानक बच्चियों की मां घर पहुंच गई थी, जिससे आरोपी मौके से भाग निकला। जिसके बाद बच्चियों की मां ने तुरंत पुलिस को इस घटना की सूचना दी। पुलिस ने घेरेबंदी कर आरोपी को रविवार रात पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने भागने के प्रयास में पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में मुनब्बर हुसैन मंसूरी ने बताया है कि वह पीड़िता के पिता के साथ कारपेंटर का काम करता था। इसी वजह से उसका परिवार से आना-जाना लगा रहता था। उसे यह भी पता था कि दोपहर में पिता काम पर और मां घरेलू काम के लिए बाहर जाती हैं। इस मौके का फायदा उठाकर वह घर में घुसा और दोनों मासूमों के साथ घिनौनी हरकत की। इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया है कि पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की तो उसने फायरिंग कर दी।

जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो उसके दाएं पैर में लगी। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

## सोलर प्लेट चोरी की एसडीम से शिकायत, सुरक्षा गार्ड की हुई मांग



वेलकम इंडिया

**सासनी।** क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने आतंक मचा रखा है। पुलिस को हर बार अज्ञात चोर चोरी कर चुनौती देते हैं।

अज्ञात चोरों ने तहसील में बनी फोटो स्टेट की दुकान को अपना निशाना बनाया। दुकान की छत पर रखी चार सोलर प्लेटों को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। वहीं दो दिन पूर्व गृहस्वामी को बंधक बनाकर घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। और दस दिन पूर्व क्षेत्र में बनी एक नाज की दुकान में घुसकर दिनदहाड़े बाइक सवार चारों दुकान का गल्ला उड़ा ले गए। जिसमें पुलिस को अभी कोई सफलता हाथ नहीं लगी। बता दें कि बसंत विहार कॉलोनी निवासी सुशील शर्मा पुत्र बृजमोहन शर्मा तहसील परिसर में फोटो स्टेट की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। दुकान में विद्युत की सप्लाई छत पर लगे चार सोलर प्लेटों से आती है। अज्ञात चोरों ने छत पर लगी सोलर प्लेटों को चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटन की शिकायत एसडीम प्रज्ञा यादव से करते हुए तहसील परिसर में एक सुरक्षा गार्ड की तैनाती की और कोतवाली पुलिस को घटना के प्रति करवाई के लिए आदेशित करने की मांग की है। वहीं क्षेत्र में हुई पूर्व में चोरी की घटनाओं में पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

# आगामी त्योहारों को लेकर डीएम एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में महाशिवरात्रि, होली और ईद-उल-फितर के त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की अपील की।

प्रशासन ने सभी से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। किसी भी तरह की जानकारी की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करने को कहा गया है। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए हैं।

सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी न करने की हिदायत दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी कोई पोस्ट न करें, जिससे किसी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई है।

बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी, संबंधित क्षेत्राधिकारी, जिला आबकरी अधिकारी वीर अभिमन्यु, अधि0अभि0 विद्युत सिद्धार्थनगर ज्ञान प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, अधिशासी अधिकारी समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत, थानाध्यक्ष, पीस कमेटी के सदस्य, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## थावर में पैरेंटल एवं सामुदायिक सहभागिता तथा किशोरियों के लिए एस आर एच कार्यशाला का आयोजन



निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**थावर, काकोरी:** मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत थावर में पैरेंटल और सामुदायिक सहभागिता पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को बच्चों की बेहतर शिक्षा और जीवन कौशल के महत्व से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक कार्यकर्ता मेघा ने मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के मिशन, विजन और समुदाय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके बाद संस्था के अवधेश ने पंचायत सदस्यों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों को उनकी सहभागिता और भूमिका के प्रति जागरूक किया। ग्राम पंचायत सचिव नागेन्द्र कुशवाहा ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और उनकी शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इसी क्रम में किशोरियों के लिए यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एस आर एच पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सी एच ओ मोनिका चौधरी ने माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों, स्वच्छता, सावधानियों और देखभाल के प्रति किशोरियों को जागरूक किया। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जानकारी दी। इस कार्यशाला में डॉक्टर राजू बंसल , मेघा ,शुभी , अवधेश कुमार मौर्या , ग्राम शिक्षा समिति और पंचायत सदस्य, आशा वर्कर , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता - मोनिका चौधरी सहित लगभग 125 अभिभावकों और 110 किशोरियों ने भाग लिया।

## उत्तर प्रदेश में विकास के दावों की खुली पोल: फैजुल्लागंज में मानक विहीन सड़क निर्माण पर हंगामा



निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड में स्थानीय निवासियों ने सड़क निर्माण में हो रही धांधली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों का आरोप है कि 30 फीट चौड़ी सड़क को जानबूझकर सिर्फ 10 फीट में समेटा जा रहा है। आरसीसी रोड का निर्माण मानकों के विपरीत किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में सड़क जल्दी खराब होने की आशंका है। लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक और पार्षद की मिलीभगत से ठेकेदार मनमाने तरीके से सड़क निर्माण करवा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है और सरकारी पैसों का दुरुपयोग हो रहा है।

क्षेत्रवासियों ने सरकार से गुहार लगाई है कि सड़क निर्माण की जांच कराई जाए और भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो बड़े आंदोलन की शुरूआत की जाएगी।

# पिलखुवा पुलिस ने गैस एजेंसी मैनेजर के साथ हुई लूट का खुलासा करते हुए अंतराज्यीय गिरोह का किया पदार्फाश

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़/पिलखुवा** कोतवाली पुलिस एवं स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रांतर्गत गैस एजेन्सी मैनेजर के साथ घटित लूट की घटना का सफल अनावरण कर 02 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।जिनके कब्जे से लूटी हुई 1,30,000/- रुपये नकदी, एक रुपए जमा करने की पर्ची, एक हैण्ड बैग, अवैध असलहा एवं लूट के रुपयों से खरीदी हुई बाईक बरामद की गई। वही इस मामले को लेकर एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तं शातिर लुटेरे है। जिनके द्वारा जनपद गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट से दिनांक 13-02-25 को पेट्रोल पम्प कर्मचारी से 10,70,000/- रुपये एवं स्कूटी और थाना कविनगर से दिनांक 27/5/24 को ल्ढउछ पेट्रोल पम्प मैनेजर से 950000/- रुपये की लूट की घटनाओ को अंजाम दिया गया था।गिरफ्तार अभियुक्त बिजेन्द्र द्वारा वर्ष-2014 में गुजरात के थाना सैटेलाइट जनपद अहमदाबाद में 1,09,50,000/- (एक करोड नौ लाख पचास हजार रुपये) की लूट और हत्या की घटना कारित की गई थी। जिसमें लगभग 6 वर्ष जेल में रहने के बाद वर्ष 2024 में जमानत पर बाहर आया है। तथा इसके द्वारा वर्ष-2001 में जनपद बिजनौर के थाना नहटौर में 3,50,000/- रुपये की पैट्रोल पम्प पर लूट की घटना कारित की गई थी। सभी अभियुक्त शातिर किस्म के अन्तर्राज्यीय लुटेरे हैं।

जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से रैकी कर लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिनके विरुद्ध जनपद हापुड़, गाजियाबाद व गुजरात राज्य में हत्या, लूट, डकैती व आर्म्स एक्ट आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। साथ ही इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों एवं राज्यों से की जा रही है।

## हापुड़ मेरठ सहित यूपी में कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त: पंडित गोपाल शर्मा

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉंग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने जारी बयान में कहा कि हापुड़ के ग ्मुक्तेश्वर में गेस्टहाउस मालिक संदीप शर्मा की हत्या हो गई उधर 8 वर्षीय कृष्णा की गला दबा कर हत्या कर दी गई !

पूर्व में बद नोली के ढाबा में नोकर की हत्या कर दी गई !जालौन में योग टीचर विधाराम की हत्या कर दी गई !प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि यूपी में हत्या लूट बलात्कार रंगदारी और धोखाधड़ी की घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है !यूपी में कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी है और जंगल राज कायम है !

# 15 साल पुराने एसपी ट्रैफिक पर जानलेवा हमले के मामले में तीन सिपाही और एक ऑटो चालक को 10-10 साल की सजा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** हाईवे पर उगाही करते हुए पकड़े जाने के बाद तत्कालीन एसपी ट्रैफिक कल्पना सक्सेना की हत्या की कोशिश के 15 साल पुराने मामले में एंटी करप्शन कोर्ट के स्पेशल जज सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषियों को कड़ी सजा सुनाई। अदालत ने सिपाही रावेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मनोज कुमार और उनके मददगार ऑटो चालक धर्मेंद्र को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की कैद और 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। मामले में 14 गवाहों की गवाही के आधार पर यह फैसला सुनाया गया। कल्पना सक्सेना वर्तमान में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एडिशनल कमिश्नर के पद पर तैनात हैं, तत्कालीन एसपी ट्रैफिक कल्पना सक्सेना ने इस मामले में थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सरकारी वकील मनोज वाजपेयी और अभियोजन अधिकारी विपर्णा शर्मा ने अदालत में मजबूती से पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार, 2 सितंबर 2010 को कल्पना सक्सेना को सूचना मिली थी कि ट्रैफिक पुलिस के कुछ सिपाही थाना कैंट क्षेत्र में फरीदपुर रोड मजार के पास हाईवे पर ट्रकों को रोककर अवैध वसूली कर रहे हैं। वह शाम 5:15 बजे अपनी सरकारी गाड़ी से मौके पर पहुंचीं तो देखा कि कई ट्रक सड़क किनारे खड़े थे और मजार के पास एक सफेद मारुति कार खड़ी थी, जिसमें कुछ लोग बैठे थे और कुछ बाहर खड़े थे। कल्पना सक्सेना अपने हमराह और ड्राइवर के साथ ट्रकों की आड़ लेकर कार के पास पहुंचीं। उन्होंने देखा कि कार की पिछली सीट पर सिपाही रविंद्र और रावेंद्र बैठे थे। जैसे ही उनकी नजर कल्पना सक्सेना पर पड़ी, उन्होंने ड्राइविंग सीट पर बैठे सिपाही मनोज को गाड़ी से कुचलकर भागने को कहा। कल्पना सक्सेना जब आगे बढ़ीं तो मनोज ने गाड़ी स्टार्ट कर उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की।

## शहीद मंगल पांडे महाविद्यालय मे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**(मेरठ)** सोमवार को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ के प्रांगण में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं के अनिवार्य पाठ्यक्रम गतिविधि के अंतर्गत पांच दिवसीय गाइड प्रशिक्षण शिविर 2024-25 का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह के द्वारा स्काउट-गाइड ध्वजारोहण कर के किया गया। बीएड के गाइड प्रशिक्षण प्रभारी डॉ आशीष पाठक ने इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह तथा गाइड प्रशिक्षक सोमेन्द्र सिंह का बैज अलंकरण कर तथा पौधा भेंट कर अभिनंदन किया ।उन्होंने छात्राओं को गाइड प्रशिक्षण शिविर का महत्व बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण छात्राओं के भीतर नेतृत्व कौशल अनुशासन तथा स्वावलंबन जैसे मूल्यों का विकास करता है ।

# मोदी कॉलेज में बोर्ड परीक्षा देने आए छात्रों का फूल बरसा कर स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में प्रथम पाली में हाई स्कूल के हिंदी विषय के देने आए विद्यार्थियों का प्रवेश करते समय प्रथम 5.5 छात्र और छात्राओं का प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ने माला पहनाकर स्वागत किया और प्रवेश करते समय सभी छात्र-छात्राओं पर फूल बरसाकर उनको प्रोत्साहित कर उनको अच्छे अंक लाने का आशीर्वाद दिया और सभी छात्र व छात्राओं को स्वच्छ सुंदर व हरे-भरे वातावरण में बिना किसी दबाव के परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया वहां उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं उनको छोड़ने आए अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की प्रथम पाली के हाई स्कूल के 570 परीक्षार्थियों में से 541 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 29परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे द्वितीय पाली में भी प्रवेश करते समय इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का इसी प्रकार फुल बरसाकर उनका स्वागत किया और उन्हें भी अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया इंटर के हिंदी के कुल 586 परीक्षार्थी पंजीकृत थे उनमें से 557 परीक्षार्थी उपस्थित हुए इस प्रकार 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी गेट पर प्रवेश करते समय सभी परीक्षार्थियों की गहन तलाशी लेकर ही उनका प्रवेश दिया गया इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त बाह्य केंद्र व्यवस्थापक कमल सिंह वह प्रशासन द्वारा नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट सहायक आबकारी आयुक्त अभिमन्यु प्रताप सिंह व स्टेटिक मजिस्ट्रेट विपिन कुमार सिंह आबकारी निरीक्षक उपस्थित रहे प्रथम पाली में राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम के प्रधानाचार्य, जय सिंह यादव और उनकी टीम ने सचल दल के रूप में केंद्र का निरीक्षण किया विद्यालय में सभी परीक्षा कक्षों में अनुशासन व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की ।

सभी परीक्षा कक्षों में वॉइस रिकॉर्डर युक्त दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं जिनकी निगरानी प्रधानाचार्य कक्ष व जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम और प्रदेश स्तर पर लखनऊ में बने कंट्रोल रूम में निगरानी की जा रही है परीक्षा टीम में, राजकुमार सिंह, योगेश चंद्र शर्मा, संजीव कुमार व वह केंद्र में आंतरिक सचल दल में दिनेश कुमार , शरद वाजपेई,धर्मवीर सिंह डॉ ए.के.जैन राजीव कुमार वर्मा व डॉक्टर पूनम वशिष्ठ अनीता अग्रवाल सीमा सिंह आदिता त्यागी अजय कुमार राजीव जांगिड़ कोमल त्यागी सतीश कुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## 42 हजार किसानों के खातों में पहुंची पीएम किसान निधि की 19वीं किस्त

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त सोमवार को जारी की गई।जिसका लाभ जिले के 42 हजार किसानों को मिला।किस्त के रूप में लगभग आठ करोड़ रुपये किसानों के खाते में सीधे डीबीटी (डाइरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से डाले गए।कार्यक्रम का आयोजन मुरादनगर ब्लाक पर किया गया।

कृषि उपनिदेशक राम जतन मिश्रा ने बताया कि जिले में 61 हजार किसान है व किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की संख्या 54 हजार है।

किसानों के खाते में पहले किस्त बैंक खाते के आधार पर डाली जाती थी, लेकिन अब किस्त आधार कार्ड के माध्यम के डाली जाती है। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, शहर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल, देहात मंडल अध्यक्ष विपिन चौधरी, सहित किसान उपिस्थित रहे।

# यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट ने 53 बच्चों को जूते प्रदान किए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट, मोदीनगर द्वारा संचालित 'चरण पादुका अभियान' के अंतर्गत 53 बच्चों को जूते प्रदान किए गए। संस्था के सह सचिव सचिन वधावन ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय, ग्राम धिन्धाला, जानी खुर्द, जिला मेरठ तक पहुंचा। संस्था द्वारा अभियान के अंतर्गत 53 बच्चों को जूते प्रदान किए गए, जिससे उनके स्कूल जाने का अनुभव और भी सुविधाजनक एवं सुरक्षित हो सके। उन्होंने बताया कि अब तक संस्था द्वारा 4174 बच्चों को जूते उपलब्ध कराए जा चुके हैं—यह एक प्रेरणादायक उपलब्धि है जो समाज के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता दशार्ती है। इस प्रयास की सफलता में नीरज कौशिक का विशेष योगदान रहा।जिनके प्रयासों से यह विद्यालय इस अभियान का हिस्सा बन सका।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. केवल कृष्ण थम्मन, सुनीता शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, विशाल माहेश्वरी, मोहित अग्रवाल, मनीष कौशल, सचिन वधावन, गौरव राजपूत, आशुतोष शर्मा एवं चिराग का विशेष सहयोग रहा।विद्यालय की ओर से नीरज कौशिक, मनोज कुमार, राजकुमार शर्मा, शिवकुमार, संगीत कुमार ने इस पुनीत कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे बच्चों को अधिक सुविधा मिल सके।संस्था का उद्देश्यः संस्था का मुख्य लक्ष्य समाज के वंचित बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करना और उनके बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग करना है। 'चरण पादुका अभियान' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बच्चे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों की ओर बढ़ सकें।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हापुड़ रोड स्थित गदाना प्राथमिक विद्यालय परिसर में एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। विशेष शिविर की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्राम गदाना, गढ़ी और तिबड़ा में रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। साथ ही, इन गांवों का सर्वेक्षण कर आगामी विशेष शिविर की गतिविधियों के लिए आवश्यक जानकारियाँ एकत्र कीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. दीपक अग्रवाल ने कहा, ‟राष्ट्रीय सेवा योजना समाज और युवाओं के बीच एक सशक्त पुल की तरह कार्य करती है। ऐसे शिविर न केवल सामाजिक उत्थान में सहायक हैं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास भी करते हैं।‟राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमर सिंह कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा, ‟स्वयंसेवक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवांगी त्रिवेदी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा, ‟इस तरह के शिविर युवाओं को सामाजिक चुनौतियों से रूबरू कराते हैं और उनमें संवेदनशीलता तथा नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं।राष्ट्रीय सेवा योजना समाज की सेवा के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास का भी माध्यम है।‟इस अवसर पर मुकुल, नकुल, अतुल, तुषार, हिमांशी, दीपा, शाइस्ता, रानी, प्रियंका, रिया, दिव्या, अंशिका, नंदिनी, शुभम, साक्षी, तनु, आंचल, पूजा, वर्ष, यशिका, कोमल, आकांक्षा, निशा सहित अनेक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## निलाया ग्रीन सोसाइटी के लोगों ने किया हाउस टैक्स का विरोध

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा निलाया ग्रीन सोसाइटी में हाउस टैक्स कैम्प आयोजित किया गया। जिसका समस्त सोसाइटी निवासियों ने खुलकर विरोध किया। और नगर निगम अधिकारियों को स्पष्ट किया कि बिना सुविधा के कोइ भी निवासी हाउस टैक्स नहीं भरेगा।

आपको बता दे कि निलाया ग्रीन सोसाइटी उसी हम तुम रोड पर स्थित है जहां पिछले दो साल में 15 मौतें हो चुकी हैं। यह सड़क पूरी सड़क टूटी हुई है।और एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। सड़कों का इतना बुरा हाल है कि व्यक्ति पैदल भी नहीं चल सकता।ऐसे में नगर निगम किस बात का हाउस टैक्स मांग रहा है। सोसाइटी निवासी चन्दन चौबे ने बताया जब तक हमें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेंगी तब तक हम समस्त निवासी हाउस टैक्स का खुलकर विरोध करेंगे और टैक्स जमा नहीं करेंगे हाउस टैक्स का बिल संशोधित नहीं किया जाता समस्त राज नगर एक्सटेंशन/ मोरटा निवासी आंदोलन के लिए सड़क पे उतरेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। नगर निगम के पास किसी काम को लेकर जाते है तो वे कहते की ये सोसाइटी हमारे कार्य क्षेत्र में नहीं आती। लेकिन टैक्स वसूलने के लिए यहां कैम्प लगा रहे है। सोसाइटी निवासी स्कन्द कुमार ने बताया कि मेयर द्वारा ये निर्देशित किया जा चुका हैं कि किसी भी व्यक्ति को नए टैक्स प्रणाली से टैक्स नहीं भेजना हैं इसके बावजूद भी अधिकारी नए टैक्स प्रणाली से टैक्स भेज रहे है।

आपको बता दे कि निलाया ग्रीन सोसाइटी उसी हम तुम रोड पर स्थित है जहां पिछले दो साल में 15 मौतें हो चुकी हैं। यह सड़क पूरी सड़क टूटी हुई है।और एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। सड़कों का इतना बुरा हाल है कि व्यक्ति पैदल भी नहीं चल सकता।ऐसे में नगर निगम किस बात का हाउस टैक्स मांग रहा है।

जो कि तीन से चार गुना अधिक है लोगों का प्रदर्शन देख निगम अधिकारी भाग खड़े हुए प्रदर्शन के दौरान सभी लोगों ने अपने हाउस टैक्स कि प्रतियां फाड़कर जला दी ।

# शोध में सिमुलेशन के टूल्स व्यावहारिकः देवेन्द्र मौर्य

अयोध्या( वेलकम इंडिया)




**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में पी०एम० ऊषा द्वारा प्रायोजित ह्णसिमुलेशन टूल्स एण्ड टेक्निक्सह्व विषय पर चल रही कार्यशाला के अंतिम दिन की औपचारिक शुरूआत संयोजक प्रो० गंगाराम मिश्र के स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने आज होने वाले तकनीकी सत्र की रूपरेखा प्रस्तुत की। आई०आई०टी० कानपुर के नेशनल सेंटर फॉर फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रानिक्स के प्रिन्सिपल आर०ई०ओ० श्री देवेन्द्र कुमार मौर्य ने लैब ऑन चिप प्लेटफॉर्म फॉर सकुर्लेटिंग ट्यूमर सेल्स आइशोलेशन विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध में सिमुलेशन व सभी विषयों के परस्पर संबंध को समझाया। श्री मौर्य ने किसी उपकरण को बनाने में विज्ञान और इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों के जानकारों के परस्पर सहयोग को भलीभाँति बताते हुए सिमुलेशन तकनीक द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति में होने वाली सुगमता को विभिन्न उदाहरणों के द्वारा बताते हुए छात्र-छात्राओं को विभिन्न दैनिक दिखने वाली समस्याओं पर शोध हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सेन्सर हेतु ई-नोज व ई-टंग की परिकल्पना को बखूबी वर्णित किया। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो० एस०एन० तिवारी ने लिक्विड क्रिस्टल तकनीक पर व्याखान देते हुए इस क्षेत्र में अनुसंधान हेतु उपयोग में लाए जा रहे सिमुलेशन सॉफ्टवेयरों के बारे में छात्र-छात्राओं को तकनीकी जानकारी प्रदान की। उन्होंने शोध में सिमुलेशन के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह से इसके उपयोग से समय व पैसे की बचत की जा सकती है।समापन समारोह में विश्वविद्यालय परिसर के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवा निवृत्त प्रो० आर० के० तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनका समन्वयक प्रो० गंगाराम मिश्र ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रो० आर० के० तिवारी ने ऐसे कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु सभी को शुभकामनाएं देते हुए इन कार्यशालाओं की विद्यार्थी जीवन में महत्व के बारे में चर्चा की व भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया।पॉच दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो० के० के० वर्मा ने की।उन्होंने तकनीकी सत्रों के विषय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उनके महत्व को बताया। छात्र-छात्राओं ने अपने फीडबैक व अनुभव साझा किए।इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि व समन्वयक द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ० अनिल कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ० सिंधू सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 18 वां वार्षिक उत्सव,आर्य समाज का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** 18 वां वार्षिक उत्सव आर्य समाज निवाड़ी में तीन दिवसीय कार्यक्रम आर्य कृष्ण शास्त्री नगर पंचायत निवाड़ी के आवास पर आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष रविंद्र त्यागी बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया रहे कार्यक्रम 3 दिन तक चला जिसमें प्रातः ध्वजारोहण उसके उपरांत यज्ञ एवं प्रवचन और पर्यावरण एवं राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज की देन, स्वतंत्रता के नायको के बारे में प्रवचन किए गए, संस्कारों के महत्व के बारे में बताया गया, पाखंड एवं अंधविश्वास कारण एवं निवारण के बारे में बताया गया नगर पंचायत निवाड़ी के गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया क्षेत्र के विभिन्न गांव से है लोगो व महिलाओं ने इस उत्सव का लाभ उठाया कार्यक्रम में बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष रविंद्र त्यागी, कृष्ण आर्य डॉक्टर ज्ञानोदय आर्य, रजनीश आर्य, सतीश आर्य, चेतन आर्य, कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, अनिल चैयरमैन आदि लोग मौजूद रहे ।

# डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन


वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि (मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली जाटव , व (विशेष अतिथि ऋचा सूद व जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान के स्वागत के साथ हुई। अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण व मशाल लाइटिंग कर दीप प्रज्वलन किया गया ।राहत द्वारा महाकुम्भ गान की प्रस्तुति की गई। फिर अतिथियों द्वारा गुब्बारे उड़ाकर स्पोर्ट्स डे की शुरूआत हुई। बच्चों द्वारा तरह तरह की दौड़ लगाई गई एवं तरह तरह की सुंदर प्रस्तुतियां(जैसे गणेश वंदना, लावणी, भांगड़ा, सैनोरिटा, पिरामिड, पैराशूट ड्रिल आदि)दीं गईं जिन्हें सबने खूब सराहा। गणमान्य अतिथियों में हिमांशु सिंघल, अनुप्रीत कौर, जसमीत कौर, राहुल जैन, सोनिका जैन, अनुज अग्रवाल, भावना अग्रवाल, नीरज गुज्जर, नीरज त्यागी , गौरव गुप्ता आदि मौजूद थे।कार्यक्रम में सुपर मोम,सुपर डैड व सुपर कपल रेस भी आयोजित की गई।विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। स्कूल के चेयरमैन नीरज गर्ग, प्रधानाचार्या ऋतु गर्ग और उप प्रधानाचार्या रिंकी कंसल ने सभी बच्चों की हौसला अफजाई की व विजेता बच्चों को बधाई भी दी।अंत में अभिभावकों को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया और शिक्षक गणों के सहयोग को भी सराहा गया।किड शेपर्स की टीम की प्रिया मैडम व विकास राणा जी का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण योगदान रहा।

# इस बार का कुम्भ महाकुम्भ व दिव्य, भव्य कुम्भः कथा व्यास अरविंद भाई ओझा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** कथा व्यास अरविंद भाई ओझा ने कहा कि इस बार का कुम्भ महाकुम्भ व दिव्य, भव्य कुम्भ है।कुम्भ हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक है।ज्ञान,कर्म व भक्ति के संगम से प्राप्त वैराग्य जीवन की धन्यता है इसलिए संगम और प्रयागराज का हिन्दू समाज के लिए विशेष स्थान है।सबसे अधिक प्रसन्नता की बात है कि युवाओं ने इस कुम्भ में उत्साह के साथ तीर्थ स्नान किया जिनको पैदल चलना पड़ा ये उनके जीवन का तप है जो भविष्य में उनके जीवन का संस्मरण बनेगा। ओझा ने कहा कि मानस में कहा गया है ‟संत दरस दुर्लभ सतसंगा‟ कुम्भ में जहां हम अमृत स्नान करते हैं वहीं एक ही स्थान पर सन्तों के दर्शन व उनके साथ विभिन्न विषयों पर मंथन भी कर लेते हैं।संगम का ये वो स्थान है जहां भारद्वाज ऋषि ने याज्ञवल्क्य जी से सत्संग करते हुए पूछा था राम कौन हैं।उसी भूमि पर मेरा कुम्भ वास व कथा कार्यक्रम राष्ट्रीय परशुराम परिषद के शिविर में हुआ। जहां पर सुनील भराला (पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री) व महेंद्र कानोडिया द्वारा परशुराम कथा व यज्ञ का आयोजन किया गया था।जिसके माध्यम से अनेकों संतों के द्वारा परशुराम जी के जीवन पर मंथन हुआ और समाज में ये बताने का प्रयास किया गया कि परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं।इसलिए उन्हें किसी जाति या वर्ण से नहीं बांधा जा सकता भगवान सर्व समाज के कल्याण के लिए अवतार लेते हैं।पहले भी मेरा कुम्भ में जाना हुआ है पर इस बार की व्यवस्था बहुत सुंदर थी इस कुम्भ को हरित कुम्भ व डिजिटल कुम्भ के नाते जाना जाएगा। कचरा मुक्त कुम्भ के लिए अखाड़ों व सामाजिक संस्थाओं ने स्वेच्छा से स्वीकार किया और प्लास्टिक व कूड़े से मुक्त करने का प्रयास किया।शौचालयों के मल को समाप्त करने के लिए बैक्टीरिया का प्रयोग किया गया जो मल को सड़न से मुक्त कर मिट्टी में बदलते हैं। कुम्भ के आलोचकों का लिए मेरा कहना है कि आप भी सनातन का अंग हैं इसलिए सत्ता की आलोचना करें पर कुम्भ को बदनाम न करें इससे हिन्दू समाज की भावनाएं व आस्थाएं जुड़ी हैं।

# अयोध्या सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण स्थलः प्रो0 अमर सिंह

अयोध्या (वेलकम इंडिया)



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ में ह्यअयोध्या महात्म्य (तेरहवीं शताब्दी ई0 से इक्कीसवीं शताब्दी ई0 तक) शीर्षक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की शुरूआत मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 अमर सिंह, विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के पूर्व निदेशक प्रो0 एस0 एन0 उपाध्याय, प्रो अनूप कुमार, विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह, ऋषभदेव जैन शोध पीठ के सह आचार्य डॉ0 देव नारायण वर्मा, प्रो0 कविता सिंह, डॉ0 संजय चैधरी, डॉ0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 अनूप पांडेय, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 अवध नारायण, डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, डॉ0 सतीश कुमार सिंह आदि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो0 अमर सिंह ने सर्वप्रथम अयोध्या का ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए अयोध्या महात्म्य में जैन धर्म के विभिन्न पहलुओं को किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है न केवल सनातन धर्म के लिए बल्कि जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह अत्यन्त पवित्र स्थल है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में ही जैन धर्म के पाँच तीर्थंकरों का जन्म हुआ था। तीर्थंकर ऋषभदेव, अजीतनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, अनन्तनाथ तथा धर्मनाथ ने अयोध्या में जन्म लेकर इस नगरी को जैन धर्मावलम्बियों के लिए पूज्यनीय बनाया। उन्होंने बताया कि तीर्थंकर भगवान श्री ऋषभदेव ने अयोध्या की धरती से ही सम्पूर्ण विश्व को विकसित करने का मूलमन्त्र दिया। संगोष्ठी में इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि भगवान राम के नाम के बिना अयोध्या के महत्व की चर्चा प्रारम्भ ही नहीं हो सकती। अयोध्या में जन्मे भगवान श्रीराम ने सम्पूर्ण विश्व को मयार्दा और आचरण का पाठ पढ़ाया जिसे आज हम सभी को आत्मसात करना है।उन्होंने भगवान श्रीराम के द्वारा जीवन के सभी पहलुओं पर स्थापित किए गए सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया।प्रौढ़ शिक्षा विभाग के प्रो0 अनूप कुमार ने अयोध्या के महात्म्य के अंतर्गत अयोध्या की त्याग, तपस्या, वैराग्य तथा पुरातन संस्कृति के बारे में बताया।उन्होंने रामायण से जुड़े सभी पात्रों के त्याग और समर्पण की चर्चा की। संगोष्ठी में श्री रामकथा संग्रहालय के पूर्व निदेशक प्रो0 एस0 एन0 उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या और भगवान श्रीराम एक दूसरे के पर्याय हैं। बिना श्रीराम के अयोध्या की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। उन्होंने श्री राम के आदर्शों को पर चलने के लिए सभी का आह्ववाहन किया। साकेत महाविद्यालय की प्रो0 कविता सिंह ने अयोध्या में जैन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अयोध्या नगरी सभी धर्मों के लिए पवित्र है। यहाँ सनातन धर्म के अलावाँ जैन एवं बौद्ध धर्म का भी विकास हुआ है।जैन धर्म के 6 तीर्थंकरों ने अयोध्या नगरी में जन्म लेकर अयोध्या को अनादितीर्थ के रूप में प्रतिपादित किया।प्रो0 सिंह ने अयोध्या में स्थित जैन धर्म के विभिन्न मंदिरों एवं टोंक के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने सभी जिनालयों की वास्तुकला तथा उसमे स्थापित तीर्थंकरों की प्रतिमाओं को मूर्तिकला के अनुसार व्याख्या कर उनके महत्व को बताया।

# जनपद को विकास एवं प्रगति में नम्बर वन लाना हम सभी की जिम्मेदारी: दीपक मीणा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व एवं विकास कार्य से सम्बंधित) एवं सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा समयानुरूप बी, सी, डी व ई रैंक लाने वाले विभागों को फटकार लगाते हुए खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यों के प्रति सजग रहें, यदि किसी विभाग के द्वारा कार्य के प्रति असंवेदनशीलता दिखाई और उनकी वजह से जनपद की खराब रैंकिंग आई तो उक्त अधिकारी के खिलाफ मुख्यमंत्री के आदेशों एवं दिशा-निदेशों के क्रम में लापरवाही बरतने के लिए सख्त विभागीय कार्यवाही की जायेगी।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन विभागों की अच्छी रैंक आई है वे उसे बरकरार रखते हुए और बेहतर कार्य करें। वे यह सोचकर निश्चित ना हो जाए कि आगे उन्हें मेहनत नहीं करनी पड़ेंगी, भविष्य में भी अच्छी रैंक के लिए निरंतर क्रियाशील रहना है। हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि हमारा जनपद हर विकास एवं प्रगति में नम्बर वन पर रहे। बैठक में मुख्यरूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीएफओ ईशा तिवारी, जीडीए सचिव राजेश सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम डॉ. पूजा गुप्ता, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, डीएसटीओ राजीव श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड तथा निशुल्क बीपी, शुगर, आंखों की टेस्टिंग और निशुल्क दवाई वितरण किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिनांक 24 फरवरी 2025,दिन सोमवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय ने अपने पौत्र यक्ष शर्मा के जन्म दिवस पर बालूपुरा, रमते राम रोड, गाजियाबाद पर 70 प्लस 5 लाख के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड तथा निशुल्क बीपी, शुगर, आंखों की टेस्टिंग और निशुल्क दवाई वितरण किया गया।

कैंप का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता द्वारा किया गया कैंप में अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईएएस ओमवीर वीरवाल ने सभी से स्वास्थ्य लाभ की अपील की तथा पार्षद प्रत्याशी अजीत गौतम, वार्ड 12 पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, रवि कुमार आदि ने कैंप के आयोजन में सहयोग प्रदान किया पंडित अशोक भारतीय ने सभी का स्वागत करते हुए सभी से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी की द्वारा 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों की बीमारी में सहायता के लिए आयुष्मान कार्ड ज्यादा से ज्यादा बनवाकर सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया व कैंप मे 27 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा सैकड़ो लोगो ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्य की सराहना की व इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा सेब, केले, संतरे आदि फलों का वितरण किया गया और इस अवसर पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, डॉ विकास वीरवाल, रितेश शर्मा, प्रवीण बत्रा, आशु पंडित, सौरभ यादव, काजल छिब्बर, अनिल जुल्का, रवि कुमार, वेद प्रकाश, अजीत गौतम, जे सी जग्गी, सौरभ पाल, सत्यम, पंकज आदि उपस्थित रहे।

# डीबीटी न होने से 732 महिलाओं को नहीं मिल रही पेंशन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का गाजियाबाद में बेहद बुरा हाल है जहां लाभार्थियों को दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है इसका नजारा एक बार फिर उसे समय देखने को मिला जब विधवा पेंशन के लिए महिलाओं को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा कुछ ऐसा ही हालत विकलांग पेंशन के भी नजर आ रहे हैं।

जिले में 33,993 महिलाओं को मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना के तहत धनराशि मिलती है। यह पेंशन त्रैमासिक रूप से उनके खाते में डाली जाती है, लेकिन प्रत्यक्ष लाभ भुगतान (डीबीटी) न होने से करीब 732 महिलाओं को पेंशन नहीं मिल पा रही। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा। मोदीनगर निवासी मेहमूदा ने बताया कि पिछले साल मार्च में आखिरी बार बैंक खाते में पेंशन आई थी। इसके बाद से पेंशन नहीं आई। विकास भवन में जानकारी करने पर पता चला कि खाते की डीबीटी नहीं हुई है। मोदीनगर निवासी वंदना का कहना है कि उनकी पेंशन बीते वर्ष अक्तूबर में आई थी। पता करने के लिए विकास भवन पहुंची तो बताया गया कि डीबीटी के बाद जनवरी में पेंशन आ जाएगी। इसी क्रम में गोविंदपुरम निवासी नीतू झा ने बताया कि बीते साल फरवरी में पेंशन आई थी, उसके बाद से नहीं आई। अब विभाग से पता चला है कि बैंक जाकर डीबीटी करानी होगी, उसके बाद पेंशन आएगी। जबकि बैंक वाले बात सुनने को तैयार नहीं है और वह विकास भवन जाने की सलाह देते हैं। जिले प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने बताया कि पेंशन प्रक्रिया में बदलाव सितंबर में हुआ।

# औद्योगिक क्षेत्र की व्यवस्थाओं को लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में यूपीसीडा व निगम अधिकारियों की बैठक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों तथा यूपी सीडा के अधिकारियों के बीच औद्योगिक क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यशैली को समझने के लिए बैठक हुई, बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह और यूपीसीडा के उपमहाप्रबंधक आरएस यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप सत्यार्थी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए पूर्व में भी कार्यवाही की गई है इसी क्रम में यूपी सीडा का संभव सहयोग किया जा रहा है,



औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की सफाई नालों की सफाई तथा सृजित होने वाले कूड़े के निस्तारण को किस दिशा में किया जाना है मंथन किया गया, उपस्थित अधिकारियों को प्रत्येक जोन में स्थापित औद्योगिक इकाइयों की संपूर्ण जानकारी का आदान-प्रदान करने के निर्देश दिए गए, मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग को कचरा निस्तारण से लेकर सफाई व्यवस्था तक होने वाले व्यय को लेकर तथा कार्यशैली की संपूर्ण जानकारी देते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। औद्योगिक क्षेत्र मे होने वाले व्यय तथा आय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु यूजर चार्ज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में आने वाली लागत को लेकर भी चर्चा हुई समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए निगम अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यूपी सीडा का सहयोग करने के लिए योजना बनाई गई, इसके अलावा अन्य मदों से औद्योगिक क्षेत्र की तरफ से प्राप्त होने वाली इनकम को भी ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए टीम को कहा गया, औद्योगिक क्षेत्र में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारों के बारे में भी चर्चा हुई, शहर हित को सर्वोपरि रखते हुए नगर निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है जो की सराहनीय है।

# साइबर क्राइम ने किया अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक आरोपी नाइजीरिया का रहने वाला है जो ऑनलाइन वेब साइट के जरिए लोगों को ठगने का काम किया करता था हाल ही में वसुंधरा के रहने वाले सूचित यादव जो पूर्व सैन्य अधिकारी है उनके साथ लगभग 89 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया था।

घटना का खुलासा करते हुए एडीसीपी क्राइम/साइबर प्रभारी सच्चिदानंद ने बताया कि ये लोग एक गंग बनाकर ठगी की घटना को अंजाम दिया करते थे इस गैंग का एक सदस्यीय कैपिसिटी ह्यूमन हेयर नाइजीरिया में रहकर भोले भाले लोगों को नाइजीरिया में रहकर केमिकल और शादी का झांसा देकर फ्रॉड करता है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दूसरे नाइजीरियन आरोपी ने बताया कि वो भारत कपड़े का व्यापार करने आया था लेकिन लॉकडाउन के चलते व्यापार में नुकसान झेलना पड़ा तभी नाइजीरिया में रहने वाले पहले आरोपी से इसकी मुलाकात हुई। जिसके बाद ये फर्जी बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने लगा जिसके बदले इसे मोटी रकम दी जाती थी। इसके बाद इन्होंने अपना एक गिरोह तैयार किया और लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाने लगे इन लोगों ने कर्नाटक की रहने वाली दिव्य से 1.2 लाख, पायल से 2.33 लाख, केदार से 4.39 लाख के साथ ठगी को अंजाम दिया है।

# डायरिया होने पर 50 प्रतिशत बच्चों को नहीं मिलता ओआरएस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट) बनाने वाली प्रमुख कंपनी केनव्यू ने पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के साथ मिलकर एक नई जनस्वास्थ्य पहल डायरिया से डर नहीं की शुरूआत की है। यह पहल भारत में बच्चों में डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करने पर केंद्रित है, जो कि बच्चों के लिए मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है।




इस पहल का लक्ष्य अगले दो वर्षों में लगभग 5 मिलियन बच्चों तक पहुँचने का है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के सात जिलों और बिहार के तीन जिलों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार पर जोर दिया जाएगा। यह पहल सरकार के स्टॉप डायरिया अभियान को समर्थन प्रदान करेगी, जिसका उद्देश्य भारत में दस्त के कारण शून्य शिशु मृत्यु दर हासिल करना है। डायरिया के प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए समुदाय में जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना। आशा कार्यकताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभालकताओं की क्षमता निर्माण, जो डायरिया के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों में डायरिया के मामलों की शीघ्र पहचान करना और ओआरएस तथा जिंक के वितरण को बढ़ावा देना।

# बिना लाइसेंस के शराब परोसने वालों पर आबकारी विभाग की पैनी नजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आबकारी विभाग की सख्ती बढ़ गई है। आगामी दिनों में शराब की दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया और होली पर्व को देखते हुए आबकारी विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।



खासतौर पर बाहरी राज्यों से होने वाली शराब तस्करी को रोकने के लिए विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है। शहर के ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट्स और बारों पर बिना लाइसेंस के शराब परोसने वालों पर आबकारी विभाग की पैनी नजर है। आबकारी विभाग की टीमें रोज अलग-अलग इलाकों में संयुक्त रूप से दबिश और चेकिंग अभियान चला रही हैं, जिससे अवैध रूप से संचालित शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। त्योहार के अलावा शादी सीजन में भी अवैध शराब परोसने की घटनाओं को रोकने के लिए आबकारी विभाग का अमला पूरी तरह से मुस्तैद है। विभाग की टीमें सिविल वर्दी में शादी समारोहों में शामिल होकर मैरिज हॉल, फार्म हाउस और होटल में शराब पार्टियों की जांच कर रही हैं। अगर बिना लाइसेंस के शराब परोसी जाती पाई गई, तो तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

रविवार रात को जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक अखिलेश बिहारी वर्मा, मनोज शर्मा, डॉ. राकेश त्रिपाठी, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य और अखिलेश कुमार की संयुक्त टीम ने सिहानी गेट और कविनगर थाना क्षेत्र में बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया।

# संयुक्त जिला अस्पताल के स्टॉफ से मारपीट मामले में एफआईआर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बीती 17 फरवरी को संयुक्त जिला अस्पताल में स्टाफ से अभद्रता और वार्ड ब्वॉय से मारपीट करने के मामले में मधुबन बापूधाम पुलिस ने मरीज के पिता और पुलिसकर्मी भाई के खिलाफ 23 फरवरी को केस दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट, धमकी और सरकारी कार्य में बाधा का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। सलमान का कहना है कि वह संजय नगर सेक्टर-23 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में वार्ड ब्वॉय के पद पर कार्यरत हैं। 17 फरवरी की सुबह 8.55 बजे वह अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अभिषेक नाम के मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। अभिषेक के साथ उसका भाई और पिता थे। आरोप है कि अभिषेक के पिता सत्यपाल और भाई ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को इलाज के लिए धमकी दी। सलमान के मुताबिक, आरोपी पिता-पुत्र ने इंजेक्शन लगाने के लिए नर्सिंग स्टाफ को भी धमकाया। इसके बाद आरोपी पिता-पुत्र उन्हें खींचकर बाहर ले गए और लात-घूंसों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

सलमान का कहना है कि मरीज अभिषेक का भाई अपने आप को पुलिसकर्मी बता रहा था। घटना के संबंध में वार्ड ब्वॉय ने मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

# 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन की जबरदस्त सफलता के दौरान विश्व के प्रमुख धार्मिक नेताओं ने ली शांति और एकता की शपथ

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली :** संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी, दिल्ली में आयोजित 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन में विश्वभर से आए अनेक धार्मिक नेताओं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो विश्व शांति और मानव एकता पर अपने विचारों को शेयर करने के लिए विश्व के सबसे बड़े सांझे मंच पर एकत्रित हुए थे। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख और अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के अध्यक्ष परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सान्निध्य में 22-23 फरवरी को

36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव सम्मेलन के दौरान प्रभु-प्रेम और मानव एकता के विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यह सम्मेलन विश्व धर्म संघ और मानव एकता सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के 131वें प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित किया गया था। जिन्होंने फरवरी, 1974 में प्रथम मानव एकता सम्मेलन आयोजित किया था। इस अवसर के महत्त्व को और बढ़ाते हुए, इस कार्यक्रम में संत दर्शन सिंह जी धाम के उद्घाटन के 25 वर्ष भी मनाए गए, जोकि दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के सम्मान में स्थापित रूहानियत से भरपूर एक आध्यात्मिक स्थल है। 25 वर्षों से यह स्थान दुनिया भर के साधकों के लिए शांति, ध्यान और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक रहा है। भारत और विदेशों से आए विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने प्रेम, एकता और ज्ञान के सिद्धांतों के अनुसार जीवन जीने के महत्त्व पर बल दिया।



